RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-283 | जयपुर, शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026 | मूल्य-4 रुपये

अमेरिका-ईरान शांति वार्ता पर संकट के बादल, ईरान की हां का इंतजार

## ईरान ने कहा- बारूद और बात एक साथ नहीं लेबनान पर हमले से फंसी शांति वार्ता

### ईरान ने होर्मुज से सुरक्षित निकलने का मैप जारी किया, प्रति बैरल 1 डॉलर टोल लगाएगा

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी

इजरायल ने गुरुवार को लेबनान में और अधिक ठिकानों पर बमबारी की, जिससे अमेरिका-ईरान युद्धविराम और भी खतरे में पड़ गया है। युद्ध के दौरान अपने पड़ोसी देश पर इजरायल के सबसे बड़े हमलों में 250 से अधिक लोग मारे गए और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के युद्धविराम को भी खतरा पैदा हो गया है।

इजरायन के गुरुवार को हुए हमलों के बाद मध्य-पूर्व में तनाव चरम पर है, जिससे अंतरराष्ट्रीय शांति प्रयासों को बड़ा झटका लगा है।

युद्ध की शुरुआत के बाद से अब तक के सबसे बड़े सैन्य अभियान में इज़राइल ने लेबनान के कई ठिकानों को निशाना बनाया।



सैन्य विशेषज्ञों का मानना है कि इन हमलों से न केवल अमेरिका-ईरान संघर्ष-विराम की उम्मीदें कम हुई हैं, बल्कि अमेरिकी प्रशासन के शांति-समझौते के प्रयासों पर भी पानी फिरने का खतरा पैदा हो गया है।

ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों के लिए नया मैप जारी किया है। इसका मकसद जहाजों को समुद्र में बिछी बारूदी सुरंगों से बचाना है। इस मैप में उन खतरनाक इलाकों को दिखाया गया है, जहां जहाजों का जाना मना है।

पहले जहाज ओमान के किनारे के पास से गुजरते थे, लेकिन अब उन्हें ईरान के किनारे के पास से निकलने की सलाह दी गई है। इससे माइन वाले इलाकों से बचा जा सकता है। ईरान ने जहाजों से कहा है कि वे पहले उसके अधिकारियों से संपर्क करें, तभी उन्हें सुरक्षित रास्ता बताया जाएगा।

ईरान अब इस रास्ते से गुजरने वाले तेल के जहाजों पर नजर भी रखेगा। हर जहाज को पहले अपने माल यानी कार्गो की पूरी जानकारी देनी होगी, उसके बाद ही आगे जाने की इजाजत मिलेगी।

### लेबनान में इजराइली हमलों से 254 मौतें

इजराइली सेना ने बुधवार को लेबनान में सैकड़ों मिसाइलों से हमला किया, जिसमें 254 लोगों की मौत हो गई। लेबनान की सिविल डिफेंस एजेंसी के मुताबिक, इस एयर स्ट्राइक में कम से कम 1,165 लोग घायल हुए। इसके बाद देश में राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है।

हमले बेरूत, बेक्का वैली, माउंट लेबनान, सैदोन और दक्षिण लेबनान के कई गांवों में किए गए। यह हमला उसी दिन हुआ, जब अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच दो हफ्ते के सीजफायर का ऐलान किया गया था।

इजराइली सेना ने कहा कि यह हमला 2 मार्च से शुरू किए गए उनके नए सैन्य ऑपरेशन के बाद लेबनान पर अब तक का सबसे बड़ा हमला था। सेना के मुताबिक, इसमें हिजबुल्लाह के 100 से ज्यादा कमांड सेंटर और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया।

### वार्ता पर संशय के बादल

पाकिस्तान में नियुक्त ईरानी राजदूत रजा अमीरी मुगाद्दम ने इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान के बीच सीजफायर वार्ता के लिए प्रतिनिधिमंडल के आगमन वाली सोशल मीडिया पोस्ट हटा दी है। यह पोस्ट हटाए जाने के बाद वार्ता के आयोजन पर संशय और सस्पेंस गहरा गया है, जिससे पाकिस्तान की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### ईरान बोला- अमेरिका ने सीजफायर की 3 शर्तें तोड़ीं

ईरान ने अमेरिका पर सीजफायर की तीन अहम शर्तें तोड़ने का आरोप लगाया है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने कहा कि अमेरिका ने 10-पॉइंट प्रस्ताव की बुनियादी शर्तों का उल्लंघन किया है। ईरान ने साफ कहा है कि जिस आधार पर बातचीत होनी थी, वही पहले ही टूट चुका है। ऐसे में अब बातचीत या सीजफायर तर्कसंगत नहीं रह गया है।

## मंदिरों में एंट्री रोकने से समाज बंटेगा हिंदू धर्म को नुकसान: सुप्रीम कोर्ट

### केंद्र ने कहा- धार्मिक मामलों में अदालतों का दखल ठीक नहीं

नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सबरीमाला केस की सुनवाई के दौरान मंदिरों के रीति-रिवाजों का जिक्र हुआ। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि मंदिरों में सिर्फ खास समुदाय की एंट्री और बाहरी लोगों की मनाही से समाज बंटेगा। यह हिंदु धर्म के लिए ठीक नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि मान लीजिए (सबरीमाला केस को छोड़कर), अगर यह कहा जाए कि सिर्फ गौड़ सारस्वत लोग ही एक मंदिर में आएं या कांची मठ के लोग सिर्फ कांची ही जाएं, दूसरे मठ (जैसे श्रृंगेरी) न जाएं तो यह ठीक नहीं होगा। बल्कि जितने ज्यादा लोग अलग-अलग मंदिरों और मठों में जाएंगे, उतना ही धर्म मजबूत बनेगा।

उधर केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए सीनियर एडवोकेट वैद्यनाथन ने कहा कि इतिहास में ऐसे कई उदाहरण हमारे सामने हैं, जब धर्म से जुड़े विवाद संवेदनशील होते हैं। वहां अदालतें हस्तक्षेप नहीं करतीं हैं। सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने गुरुवार को धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव से जुड़े मामलों में लगातार तीसरे दिन सुनवाई की। इसमें विभिन्न धर्मों में प्रचलित धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा और दायरे पर भी विचार किया जा रहा है।

मान लीजिए (सबरीमाला केस को छोड़कर), अगर यह कहा जाए कि सिर्फ गौड़ सारस्वत लोग ही एक मंदिर में आएं या कांची मठ के लोग सिर्फ कांची ही जाएं, दूसरे मठ (जैसे श्रृंगेरी) न जाएं तो यह ठीक नहीं होगा। बल्कि जितने ज्यादा लोग अलग-अलग मंदिरों और मठों में जाएंगे, उतना ही धर्म मजबूत बनेगा। आर्टिकल 17 (छुआछूत खत्म करना) बहुत ताकतवर प्रावधान है। यह सिर्फ कानून के तहत अपराध नहीं है, बल्कि संविधान इसे अपराध घोषित करता है। यह कानूनी ही नहीं, संवैधानिक स्तर पर भी गंभीर मामला है।

केंद्र सरकार ने अपने तर्क में कहा कि अगर कोई मंदिर सिर्फ अपने समुदाय के लोगों के लिए रखना चाहता है, तो उन्हें सरकार या आम जनता से फंड (पैसा/दान) नहीं लेना चाहिए। अगर आप दूसरों को बाहर रखते हैं, तो उनसे मदद भी नहीं ले सकते।

अगर सिर्फ आर्टिकल 26(b) के आधार पर देखें, तो मंदिर में प्रवेश से जुड़ा कानून गलत हो सकता है। धार्मिक संस्था को यह अधिकार है कि कौन मंदिर में आएगा, यह वह खुद तय करे। अगर प्रवेश या पूजा धार्मिक नियमों से तय होता है, तो यह धर्म का हिस्सा है। जबरन एंट्री कराने वाला कानून इस अधिकार का उल्लंघन है।

## मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 में आग लगी, रनवे एरिया से धुआं उठा

मुंबई

मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर गुरुवार शाम आग लग गई। फायर ब्रिगेड और इमरजेंसी टीमें मौके पर पहुंचीं। उन्होंने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

एयरपोर्ट प्रवक्ता के मुताबिक, आग शाम 6:10 बजे लगी। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। आग ग्राउंड फ्लोर पर स्थित पावर हाउस के सीलिंग लेवल तक ही रही। वहां मौजूद इलेक्ट्रिक ट्रे,



वायरिंग, केबल, इंस्टॉलेशन और इलेक्ट्रिक पैनल जल गए।

सुरक्षा के कारण कुछ देर के लिए एयरपोर्ट के सभी गेट बंद कर दिए गए, जिससे यात्रियों की लाइन लग गई। टर्मिनल-1 की कुछ फ्लाइट एहतियात के तौर पर रोकी गईं, जिससे फ्लाइट ऑपरेशन प्रभावित हुआ। अधिकारियों के अनुसार, आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## सिक्किम में बर्फबारी-लैंडस्लाइड, फंसे 1321 टूरिस्ट को सेना ने बचाया

नई दिल्ली

सिक्किम में भारी बर्फबारी के बीच कई जगह लैंडस्लाइड के कारण सड़क संपर्क टूट गया। लाचेन में फंसे 1321टूरिस्ट का सेना ने रेस्क्यू कर लिया।दो दिन चले ऑपरेशन को 'हिम सेतु' नाम दिया गया है। उत्तर भारत में 3 वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से अप्रैल में भी सर्दी का अहसास हो रहा है।

राजस्थान में 20 दिनों से बदले मौसम के कारण तापमान 7 डिग्री तक कम हुआ है। मौसम विभाग ने गुरुवार के लिए छत्तीसगढ़ और बिहार समेत 17 राज्यों में आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, बिहार,



झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, सिक्किम, बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

बिहार में काल बैसाखी सिस्टम एक्टिव हो गया है। काल बैसाखी अचानक आने वाला तेज आंधी-तूफान होता है। यह अप्रैल-मई (वैशाख) में आता है। इसके एक्टिव होने पर 50-100 द्मद्बश्चद्ध की रफ्तार से हवाएं चलती हैं, बारिश और ओले गिरते हैं। यह जल्दी खत्म हो जाता है।

असम और मेघालय में मौसम सबसे ज्यादा खराब रहेगा। यहां आंधी-बारिश और ओले गिरने का ऑरेंज अलर्ट है। दक्षिण के राज्यों तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और और कोस्टल कर्नाटक में उमस भरा मौसम रहेगा।

## अब निजी होटलों और हॉल में नहीं होंगे सरकारी कार्यक्रम: सीएम

जयपुर

राजस्थान सरकार ने फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाने के लिए बड़ा निर्णय किया गया है। अब राज्य में सरकारी कार्यक्रम जैसे समारोह, प्रदर्शनी और सेमिनार निजी होटलों या प्राइवेट हॉल में आयोजित नहीं किए जाएंगे। इस संबंध में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की ओर से सभी विभागों, निगमों और स्वायत्तशासी संस्थाओं को स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

राज्य सरकार के नए आदेश के अनुसार सभी सरकारी आयोजन अब केवल सरकारी भवनों और कॉन्फ्रेंस हॉल में ही आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य सरकारी संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना और अनावश्यक खर्च को रोकना है।

हालांकि, यदि किसी विशेष परिस्थिति में निजी स्थल पर कार्यक्रम आयोजित करना अत्यावश्यक हो, तो इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली समिति से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति किसी भी निजी स्थान पर आयोजन नहीं किया जा सकेगा। सरकार ने कुछ निर्धारित सरकारी स्थलों को ऐसे आयोजनों के लिए चिन्हित भी किया है।

## गुरुग्राम में हड़ताली कर्मचारियों पर लाठीचार्ज

### एक का सिर फूटा, 20 घायल, पुलिस की बाइक फूंकी-गाड़ी तोड़ी

गुरुग्राम

हरियाणा के गुरुग्राम स्थित मानेसर में धारा 163 लागू होने के बावजूद वीरवार को हजारों की संख्या में हड़ताली कर्मचारी जुट गए। जिन्हें खदेड़ने के लिए पुलिस लाठीचार्ज किया। जिससे मामला भगदड़ की स्थिति बन गई।

इस दौरान 20 से ज्यादा कर्मचारियों को चोटें आई हैं। एक के सिर पर गहरा जख्म है। काफी



खून बहने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक महिला बेहोश हो गई। इससे भड़के हड़तालियों ने पुलिस की एक बाइक फूंक दी और गाड़ी पर पथराव किया, जिससे फ्रंट और बैक के शीशे टूट गए। एक पुलिसकर्मी से महिलाओं ने लाठी भी छीनने की कोशिश की गई। इस पर पुलिस कर्मियों की महिलाओं से नोकझोंक और खींचतान भी हुई। कई घंटे तक झड़प चलती रही। एक पुलिस कर्म इस विवाद के बाद कई कंपनियों के बाहर सैलरी बढ़ाने संबंधी सरकार के ऑर्डर वाले नोटिस चिपका दिए गए।

## बक्सर में पीएम पर हमले की साजिश का पर्दाफ़ाश तीन आरोपित गिरफ़्तार

**बक्सर।** बिहार के बक्सर में पुलिस ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमले की साजिश रचने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है, जबकि दो अन्य का हिरासत में लिया है। एसपी शुभम आर्य ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान अमन तिवारी के रूप में हुई है, जो सिमरी के आशा पड़री गांव का निवासी है। उस पर आरोप है कि उसने अमेरिका की खुफिया एजेंसी, केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) को प्रस्ताव भेजकर प्रधानमंत्री की हत्या की योजना में सहयोग के बदले बड़ी रकम की मांग की थी।

## असम में वोटिंग के दौरान हिंसा, 30 लोग घायल

### पुडुचेरी में भी कांग्रेस-भाजपा समर्थक भिड़े

असम के इतिहास में सबसे ज्यादा 85.89% वोटिंग

गुवाहाटी/पुडुचेरी

देश के दो राज्यों असम, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में गुरुवार को विधानसभा चुनाव के लिए शाम 6 बजे तक वोटिंग हुई। असम में चुनावी हिंसा में 30 लोग घायल हो गए। सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। श्रीभूमि जिले के पथारकंडी में



कांग्रेस-भाजपा समर्थकों की झड़प में 25 लोग घायल हो गए, दो की हालत गंभीर है।

पुडुचेरी में मन्नादिपेट में पोलिंग बूथ पर कांग्रेस और भाजपा समर्थकों में झड़प हो गई। पुलिस ने भीड़ पर लाठीचार्ज किया। केरलम में पूर्व रक्षा मंत्री और कांग्रेस लीडर एके एंटनी ने तिरुवनंतपुरम में वोट डाला। असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने गुवाहाटी में मां कामाख्या मंदिर में पूजा की। इसके बाद पत्नी के साथ जालुकबाड़ी में वोट डाला। चुनाव आयोग के अनुसार रात 11.30 बजे तक असम में 85.89% मतदान हुआ। असम के इतिहास में यह सबसे ज्यादा वोटिंग का आंकड़ा है। केरलम में पिछले 49 सालों में दूसरी सबसे ज्यादा वोटिंग हुई, यहां 78.27% वोट डाले गए। 1977 में रिकॉर्ड 79.2% मतदान हुआ था। वहीं पुडुचेरी में 89.87% मतदान हुआ। असम में 126 सीटों पर 41 पार्टियों के 722 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, केरलम में 2.71 करोड़ वोटर 890 उम्मीदवारों में से अपना नेता चुनेंगे। यहां 140 सीटें हैं। पुडुचेरी में 30 सीटों के लिए वोटिंग हुई।

प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस पर किया तीखा हमला

## कांग्रेस-लेफ्ट एक थाली के चट्टे-बट्टे, 4 मई के बाद गुंडागर्दी का हिसाब लेंगे

### भय नहीं, भरोसे से आएगा पश्चिम बंगाल में निवेश

हल्दिया

प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के हल्दिया में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा निवेश का माहौल डर से नहीं बल्कि भरोसे से बनता है, जो केवल भाजपा ही दे सकती है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सामान्य नहीं, बल्कि 'बंगाल के वैभव को पुनर्स्थापित करने' का चुनाव है। प्रधानमंत्री ने कहा पश्चिम बंगाल कभी देश की आर्थिक व औद्योगिक प्रगति का केंद्र हुआ



करता था, लेकिन वर्तमान सरकार ने राज्य को विकास के पैमानों पर पीछे धकेल दिया है। उन्होंने हल्दिया के ऐतिहासिक महत्व का जिक्र करते हुए कहा प्राचीनकाल में यह क्षेत्र वैश्विक व्यापार का प्रमुख केंद्र था और आधुनिक भारत में एक बड़ा औद्योगिक हब रहा है, लेकिन अब यहां की फैक्टरियां बंद हो रही हैं। मोदी ने तृणमूल पर 'भय और सिंडिकेट की राजनीति' करने का आरोप लगाते हुए कहा उद्योग और फैक्टरियां 'गुंडाराज' से नहीं बल्कि भरोसे से चलती हैं। जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है, वहां विकास और निवेश का माहौल इसी भरोसे पर खड़ा हुआ है और बंगाल में भी ऐसा ही मॉडल लागू किया जाएगा।

रोजगार और पलायन के मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने कहा कभी हल्दिया में लोग रोजगार के लिए आते थे, लेकिन आज यहां के युवा काम की तलाश में दूसरे राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं। मोदी ने कहा राज्य में 'कट मनी और कमीशन' का सिस्टम चल रहा है, जिससे आम जनता परेशान है। उन्होंने दावा किया कि बंगाल के लोग इस बार बदलाव का मन बना चुके हैं, भाजपा की जीत का उत्साह जनता में साफ दिखाई दे रहा है।

उन्होंने नंदीग्राम का जिक्र करते हुए कहा कि पांच साल पहले वहां के नतीजों ने परिवर्तन का रास्ता दिखाया था, अब भवानीपुर में वही दोहराया जाएगा।

यह संकेत था 2021 के विधानसभा चुनाव में हुए मुकाबले का, जहां सुवेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को कड़ी चुनौती दी थी। धर्म आधारित आरक्षण के मुद्दे पर पीएम ने तृणमूल पर आरोप लगाया कि वह अपने वोटबैंक को साधने के लिए संविधान के खिलाफ जाकर नीतियां बना रही है। उन्होंने कहा अदालतें इस तरह के प्रयासों को बार-बार खारिज कर चुकी हैं, लेकिन तुष्टीकरण की राजनीति के कारण सरकार न तो न्यायपालिका का सम्मान कर रही है और न ही संविधान का।

मोदी ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर सभी योजनाएं संविधान के अनुसार लागू की जाएंगी और हर वर्ग को उसका अधिकार मिलेगा। उन्होंने विशेष रूप से माहिष्य समुदाय का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी मांगों को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा है।

## निकाय चुनाव में सरकार की ओर से देरी नहीं बल्कि कानूनी समस्याएं है: खर्रा

### ओबीसी आयोग की रिपोर्ट के बाद ही चुनाव संभव

अजमेर

स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि निकाय चुनाव में राज्य सरकार की तरफ से कोई देरी नहीं हो रही है। कानूनी समस्याओं को समझना होगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान अभी विकास के मार्ग पर अग्रसर है देखते जाइये आने वाले समय में राजस्थान को लेकर कई शुभ सूचना प्राप्त होंगी।

स्वायत्त शासन मंत्री गुरुवार को जयपुर से जोधपुर जाते हुए कुछ देर के लिए अजमेर के सर्किट हाउस में रुके थे जहां शहर जिला अध्यक्ष भाजपा रमेश सोनी, प्रदेश प्रवक्ता अरविंद गिरधर शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया। खर्रा ने इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि निकाय चुनाव में देरी कानूनी समस्या है। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय का एक निर्णय है, जब तक त्रिस्तरीय जांच के आधार पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की जनसंख्या के सही और सटीक आंकड़े राज्य सरकार को प्रस्तुत नहीं करेंगे तब तक राज्य सरकार पिछड़ा वर्ग को राजनीतिक आरक्षण नहीं दे सकती।

खर्रा ने कहा कि एक दूसरी समस्या भी आ रही है। पिछले दिनों एसआईआर का काम पूरा हो चुका है। राजस्थान हाईकोर्ट का निर्णय था कि 15 अप्रेल तक चुनाव किए जाए। उसमें राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन नामावली जिससे मतदाता सूची कहते हैं उसको निर्मित करने का कार्यक्रम घोषित किया।

उस समय तक एसआईआर के अंतिम आंकड़े नहीं आए थे। इसलिए उन्होंने पुरानी सूची के आधार पर मतदाता सूची बनाने का कार्यक्रम जारी कर दिया। अब की स्थिति यह हो गई कि एसआईआर में जो नाम कट गए वह निकाय और पंचायत राज के नई सूची में वापस जुड़कर आए तब ही निकाय चुनाव संभव है। इस कानूनी समस्या को भी समझना होगा। खर्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पीएम नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राजस्थान में विकास के लिए जिस मेहनत के साथ काम कर रहे है उसका प्रभाव पूरा राजस्थान में विकास के कामों के रूप में दिखाई दे रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट ने बदला नियम, अब बड़े मामलों की सुनवाई केवल सीजेआई ही करेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने तत्काल सुनवाई की प्रक्रिया को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। नए नियम के तहत अब अत्यंत आवश्यक मामले, जिनमें नियमित सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया का इंतजार नहीं किया जा सकता, उनका उल्लेख केवल मुख्य न्यायाधीश के समक्ष ही किया जा सकेगा। यह नियम तब भी प्रभावी रहेगा जब मुख्य न्यायाधीश किसी संविधान पीठ की अध्यक्षता करने में व्यस्त हों। न्यायालय के इस कदम का उद्देश्य न्यायिक प्रक्रिया में स्पष्टता लाना और तत्काल सुनवाई के मामलों के लिए एक केंद्रीय व्यवस्था सुनिश्चित करना है।



छह अप्रैल को जारी आधिकारिक परिपत्र में स्पष्ट किया गया है कि अत्यंत आवश्यक मामलों का उल्लेख अब केवल अदालत संख्या-1 (मुख्य न्यायाधीश की अदालत) के समक्ष ही करने की अनुमति है। परिपत्र में जोर देकर कहा गया है कि भले ही प्रधान न्यायाधीश किसी भी विशेष पीठ या संविधान पीठ का हिस्सा हों, वकीलों को ऐसे मामलों के लिए किसी अन्य पीठ के सामने जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह निर्देश 29 नवंबर, 2025 के पिछले परिपत्र के संदर्भ में जारी किया गया है, ताकि सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया में होने वाले किसी भी भ्रम को दूर किया जा सके। बता दें कि इस प्रशासनिक बदलाव के बीच, मुख्य न्यायाधीश ने हाल ही में न्यायिक बुनियादी ढांचे की मजबूती पर भी अपने विचार साझा किए थे। तेलंगाना उच्च न्यायालय के एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा था कि देश भर में न्यायिक परिसरों का विस्तार हो रहा है और सभी राज्य सरकारें अब यह स्वीकार कर रही हैं कि न्यायिक ढांचे को मजबूत करना केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि अत्यंत आवश्यक कार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संविधान निर्माताओं का न्याय तक पहुंच के सिद्धांत में अटूट विश्वास था, और प्रत्येक राज्य के लिए उच्च न्यायालय की स्थापना इसी संवैधानिक दायित्व का हिस्सा है। मुख्य न्यायाधीश के अनुसार, यह केवल कानूनी आवश्यकता नहीं, बल्कि भारतीय गणतंत्र की एक गंभीर प्रतिबद्धता है।

### पुरानी व्यवस्था में बदलाव

इससे पहले की व्यवस्था के अनुसार, यदि मुख्य न्यायाधीश उपलब्ध नहीं होते थे या किसी संविधान पीठ की सुनवाई में व्यस्त रहते थे, तो अत्यावश्यक मामलों के उल्लेख के लिए उच्चतम न्यायालय के सबसे वरिष्ठ जज (सीनियर मोस्ट जज) के पास जाने का प्रावधान था। वकीलों को तत्काल राहत पाने के लिए वरिष्ठ जजों की पीठ के सामने अपनी अर्जी रखने की अनुमति थी। हालांकि, नए सर्कुलर ने अब इस प्रक्रिया को पूरी तरह मुख्य न्यायाधीश की पीठ तक ही सीमित कर दिया है।

# पश्चिम बंगाल में फिर बनेगी ममता सरकार, अखिलेश यादव का दावा

**भाजपा पर साधा निशाना, निर्वाचन आयोग और महिला आरक्षण के मुद्दे पर भी उठाए सवाल**

लखनऊ (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल की राजनीति को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में एक बार फिर ममता बनर्जी के नेतृत्व में सरकार बनेगी और भाजपा को जनता करारा जवाब देगी। पत्रकारों से बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चाहे कितनी भी कोशिश, बेईमानी या साजिश कर ले, पश्चिम बंगाल की जनता उसे सत्ता में नहीं आने देगी। उन्होंने विश्वास जताया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में जनता का समर्थन बना हुआ है और यही चुनाव परिणामों में भी दिखाई देगा। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार और चुनाव प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का नाम लिए बिना निशाना साधते हुए यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन नहीं कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग का ध्यान मतदाताओं को जोड़ने के बजाय उन्हें हटाने पर केंद्रित दिखाई देता है, जो लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। सांसद अखिलेश यादव ने संसद में प्रस्तावित महिला आरक्षण के मुद्दे पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि देश की आबादी में लगातार वृद्धि हो रही है, ऐसे में वर्तमान जनसंख्या के आधार पर आरक्षण तय किया जाना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने महंगाई और बेरोजगारी को लेकर भी सरकार की आलोचना की। उनका कहना था कि चुनाव के बाद इन समस्याओं में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।



## शाहजहांपुर में मकान तोड़ने की कार्रवाई के दौरान बाप-बेटे समेत तीन ने लगा ली फांसी

शाहजहांपुर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले से प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान आत्मघाती कदम उठाने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जलालाबाद थाना क्षेत्र के मगटोरा गांव के मजरेता में मंगलवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब प्रशासन की टीम एक मकान को चकरोड में बताते हुए उसे ध्वस्त करने के लिए जेसीबी लेकर पहुंची। टीम को देखते ही मकान स्वामी और उसके परिजनों ने कड़ा विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि बाप-बेटे समेत परिवार के तीन सदस्यों ने घर के समीप एक पेड़ पर फंदा डालकर फांसी लगा ली। मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए फौरन दो लोगों को नीचे उतारकर बचा लिया, लेकिन तीसरे व्यक्ति की हालत बिगड़ गई। उसे आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए देर शाम सिटी मजिस्ट्रेट ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ित का हाल जाना और मामले की जानकारी ली। बताया जा रहा है कि करीब एक साल पहले भी प्रशासन इस मकान को तोड़ने की कोशिश कर चुका था।

**महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत**

इसी बीच, प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले से भी एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। कटरी क्षेत्र के कुआं खेड़ा वजीर आलम गांव में 35 वर्षीय महिला चांदनी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला। ससुराल पक्ष का दावा है कि वह लंबे समय से बीमारी से परेशान थी और इसी तनाव में उसने जान दे दी। घटना के समय मौजूद मृतका की छोटी बहन नीलम ने उसे बचाने का भरसक प्रयास किया। इस घटना से गांव में कोहराम मच गया और मायके पक्ष ने कई गंभीर आरोप लगाए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रदेश के इन दो अलग-अलग जिलों में हुई घटनाओं ने प्रशासनिक संवेदनशीलता और पारिवारिक तनाव के मुद्दों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस दोनों ही मामलों की गहनता से जांच कर रही है।

## अजित पवार के विमान हादसे को लेकर भ्रामक वीडियो बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के जालना जिले के युवक उद्धव भगवान काप्से को सोशल मीडिया पर भ्रामक और आपत्तिजनक वीडियो बनाने और वायरल करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस वीडियो में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की छवि धूमिल करने और पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार से जुड़े विमान हादसे को लेकर गलत जानकारी फैलाने का आरोप है। पश्चिमी क्षेत्रीय पुलिस विभाग की साइबर सेल ने आरोपी की पहचान कर कानूनी कार्रवाई के लिए मुंबई लाया गया। बांद्रा की अदालत ने काप्से को 10 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। मुंबई साइबर पुलिस के अनुसार, काप्से द्वारा अपलोड किए गए वीडियो को हटाने से पहले करीब 1.5 लाख बार देखा जा चुका था। जांच में सामने आया कि वीडियो में मुख्यमंत्री फडणवीस को निशाना बनाकर भ्रामक और आपत्तिजनक सामग्री थी और विमान हादसे से संबंधित तथ्य भी गलत तरीके से प्रस्तुत किए गए थे। वरिष्ठ अधिकारियों ने वायरल वीडियो का गंभीर संज्ञान लेकर साइबर सेल को केस दर्ज करने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया से वीडियो हटवाकर एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ फर्जी वीडियो वायरल करने और सार्वजनिक हस्तियों को बदनाम करने की एफआईआर दर्ज की गई थी। तकनीकी विश्लेषण से वीडियो का स्रोत जालना जिले के बुट्टेगांव गांव से पाया गया। पुलिस की टीम ने काप्से को हिरासत में लिया। पूछताछ में काप्से ने स्वीकार किया कि उसने उपलब्ध फुटेज को संकलित कर एआई टूल्स की मदद से वीडियो बनाकर साझा किया। काप्से बुट्टेगांव का निवासी है, कक्षा 10 तक पढ़ा है और अपने माता-पिता के साथ रहता है।

## पंचकूला में हेरोइन तस्कर गिरफ्तार, 3.4 किलो हेरोइन और 15 लाख बरामद

पंचकूला (एजेंसी)। पंचकूला पुलिस क्राइम ब्रांच-26 ने एक बड़े हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब 3 किलो 400 ग्राम हेरोइन और 15 लाख रुपए नकद बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है और जल्द ही पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की संभावना जताई है। डीसीपी क्राइम अमरिंदर सिंह ने बताया कि आरोपी लवजोत को सेक्टर-20 के कुंडी गांव से गिरफ्तार किया गया। आरोपी पंजाब के जलालाबाद का रहने वाला है और वर्तमान में चंडीगढ़ में किराए के मकान में रहकर ट्राईसिटी क्षेत्र में नशे का जाल फैला रहा था। पुलिस ने बताया कि लवजोत के पास से 3 किलो 400 ग्राम हेरोइन और 15 लाख रुपए नकद बरामद हुए हैं। हेरोइन की अनुमानित कीमत लगभग 6 करोड़ रुपए आंकी गई है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर 4 दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है। जांच के दौरान सामने आया कि लवजोत का नेटवर्क पहले से पकड़े गए दो अन्य आरोपियों से जुड़ा था। 3 अप्रैल को रायपुररानी के टाबर गांव से साहिल को 310 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़ा गया था। इसके बाद साहिल के बयान पर 5 अप्रैल को सतनाम सिंह को गिरफ्तार किया गया। सतनाम ने लवजोत को अपना मुख्य सप्लायर बताया। डीसीपी ने बताया कि हेरोइन का स्रोत पाकिस्तान है और सप्लाई चैन की पहचान कर ली गई है। आरोपी नेटवर्क के अन्य हैंडलर्स की भी जल्द गिरफ्तारी की संभावना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सिरसा के बाद यह पंचकूला में पकड़ी गई सबसे बड़ी हेरोइन खेप है। पुलिस लगातार इस मामले की गहन जांच कर रही है और अन्य जुड़े लोगों के नामों का खुलासा होने की संभावना है। रिमांड के दौरान लवजोत से और पूछताछ की जाएगी ताकि पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ किया जा सके।

## रामपुर में बूंदाबांदी और ठंड से किसान चिंतित, बिजली आपूर्ति प्रभावित

रामपुर(एजेंसी)। शहर में मंगलवार शाम से मौसम ने रुख बदला और तेज आंधी के बाद बुधवार सुबह बूंदाबांदी शुरू हो गई। किसानों में कटाई के दौरान गेहूं की फसल को नुकसान होने की चिंता बढ़ गई है। तेज हवा और बारिश के कारण शहर की बिजली आपूर्ति मंगलवार से बाधित रही। सिविल लाइंस, पहाड़ी गेट, नवाब गेट सहित कई क्षेत्रों में आधा घंटा तक आपूर्ति प्रभावित रही। अधिशासी अभियंता अनुराग सिंह ने बताया कि आपूर्ति अब सभी क्षेत्रों में सुचारू रूप से चल रही है। किसानों के लिए मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। उन्होंने कहा कि कटे हुए गेहूं को खुले में न छोड़ें और खेतों में जल निकासी की उचित व्यवस्था करें ताकि फसल को बारिश से नुकसान न पहुंचे। बूंदाबांदी के चलते न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया और ठंड का अहसास हुआ।

## आप का बड़ा फैसला: उमरेठ विधानसभा उपचुनाव नहीं लड़ेगी पार्टी




**-इसुदान गढ़वी बोले— कांग्रेस और बीजेपी में हो सीधा मुकाबला**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात की राजनीति में एक अहम मोड़ लेते हुए आम आदमी पार्टी (आप) ने उमरेठ विधानसभा उपचुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष इसुदान गढ़वी ने इस निर्णय की घोषणा करते हुए कहा, पार्टी अब पूरी तरह से आगामी स्थानीय निकाय चुनावों पर ध्यान केंद्रित करेगी।

गढ़वी ने मंगलवार को अपने एक बयान में स्पष्ट किया कि आप इस उपचुनाव में हिस्सा नहीं लेगी और चाहती है कि मुकाबला सीधे कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच हो। उन्होंने कांग्रेस को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि वह खुद को मजबूत विपक्ष मानती है, तो उसे भाजपा को हराकर दिखाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'हम उमरेठ उपचुनाव नहीं लड़ेंगे। हमारा फोकस केवल स्थानीय निकाय चुनावों पर है। हम चाहते हैं कि भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला हो, क्योंकि कांग्रेस अक्सर हमें भाजपा की 'बी-टीम' कहती है। अब उनके पास मौका है कि वे सीधे भाजपा का सामना करें।'

आप के इस फैसले को राजनीतिक रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि पार्टी फिलहाल जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने और स्थानीय निकाय चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करने की तैयारी कर रही है। गुजरात में पिछले कुछ वर्षों में आप ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है, लेकिन विधानसभा और उपचुनावों में उसे अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई है। ऐसे में पार्टी का यह कदम संकेत देता है कि वह अपनी ऊर्जा और संसाधनों को अधिक प्रभावी चुनावी क्षेत्रों में लगाना चाहती है।

# राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा- हम अभी नहीं देखेंगे...

**लखनऊ (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की कथित दोहरी नागरिकता के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एक महत्वपूर्ण सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने फिलहाल इस मामले में केंद्र सरकार की ओर से पेश किए गए गोपनीय रिकॉर्ड की जांच करने से इनकार कर दिया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए यह सुनवाई खुली अदालत के बजाय जज के चेंबर में आयोजित की गई, क्योंकि केंद्र सरकार ने इसे एक बेहद संवेदनशील मुद्दा बताया था।



इससे पहले की सुनवाइयों में हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण मांगा था कि राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता से संबंधित शिकायतों पर अब तक क्या प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। इसके बाद अदालत ने स्वयं गृह मंत्रालय से संबंधित सभी मूल रिकॉर्ड तलब किए थे। हालांकि, मंगलवार को जारी आदेश के अनुसार, बेंच ने इन दस्तावेजों का परीक्षण करने से फिलहाल परहेज किया। हाईकोर्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, केंद्र सरकार के अधिकारी रिकॉर्ड के साथ अदालत में उपस्थित थे, लेकिन बेंच ने स्पष्ट किया कि वह इस स्तर पर राहुल गांधी के खिलाफ लगाए गए आरोपों की सत्यता की जांच करने का प्रस्ताव नहीं करती है, इसलिए रिकॉर्ड को नहीं देखा गया।

यह पूरी कानूनी प्रक्रिया भाजपा कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर द्वारा दायर एक याचिका पर आधारित है। याचिकाकर्ता ने लखनऊ की विशेष एमपी-एमएलए अदालत के 28 जनवरी 2026 के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को खारिज कर दिया गया था। निचली अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि किसी नागरिक की नागरिकता तय करने का वैधानिक अधिकार उसके कार्यक्षेत्र में नहीं आता है। याचिकाकर्ता ने अपनी अर्जी में राहुल गांधी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, विदेशी अधिनियम और पासपोर्ट अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विस्तृत जांच की मांग की है। हाईकोर्ट में हुई इस सुनवाई के बाद अब मामले की अगली तारीख 15 अप्रैल तय की गई है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि इस मामले में गहन जांच की आवश्यकता है, जबकि निचली अदालत ने तकनीकी आधार पर इसे खारिज कर दिया था। अब 15 अप्रैल को होने वाली सुनवाई पर सबकी निगाहें टिकी हैं, क्योंकि कोर्ट इस बात पर विचार करेगा कि क्या इस मामले में हस्तक्षेप की कोई कानूनी गुंजाइश है या नहीं। फिलहाल, राहुल गांधी के लिए राहत की बात यह है कि उच्च न्यायालय ने केंद्र के रिकॉर्ड पर कोई प्रतिकूल टिप्पणी या तत्काल जांच शुरू नहीं की है।

## सीएम नीतिश ने 4954 एएनएम को नियुक्ति पत्र बांटा

पटना (एजेंसी)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को 4954 एएनएम (ऑक्सिलरी नर्स मिडवाइफ) को नियुक्ति पत्र बांटा है। इस दौरान दोनों उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे भी मौजूद रहे। यह कदम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उपकेंद्रों पर नर्सिंग स्टाफ की कमी को दूर करने में महत्वपूर्ण बताया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, ये नियुक्तियां लंबे समय से लंबित प्रक्रिया का हिस्सा थीं, जिन्हें अब अंतिम रूप दिया जा रहा है। बिहार सरकार का उद्देश्य राज्य के हर क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना है। एएनएम स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ मानी जाती हैं, जो टीकाकरण, प्रसव सेवाओं और प्राथमिक चिकित्सा में अहम रोल निभाती हैं। इतनी बड़ी संख्या में एएनएम की नियुक्ति को स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सुधार के तौर पर देखा जा रहा है। इस पहल से बिहार सरकार न केवल रोजगार सृजित कर रही है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी बनाने की दिशा में भी मजबूत कदम उठा रही है।



## ईरान-अमेरिका-इजरायल सीजफायर पर प्रियंका चतुर्वेदी का तंज... पाकिस्तान को थैंक्यू नोट, भारत को मिला तेल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच करीब 40 दिनों से जारी तनाव के बाद युद्धविराम (सीजफायर) की घोषणा कर दी गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो हफ्ते के अस्थायी सीजफायर का ऐलान किया है। इस बीच भारत में इस मुद्दे पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं।



शिवसेना (उद्धव गुट) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने इस पूरे घटनाक्रम पर तीखी टिप्पणी करते हुए विभिन्न देशों की भूमिका पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि ÷ईरान को अपना पक्ष रखने का मौका मिला, अमेरिका ने अपनी इज्जत बचा ली, इजरायल को हकीकत का सामना करना पड़ा, पाकिस्तान को थैंक्यू नोट मिला और भारत को उसका तेल मिल गया। दुनिया को अस्थायी रूप से ही सही, शांति मिल गई।÷ प्रियंका चतुर्वेदी ने सोशल मीडिया के जरिए यह भी सवाल उठाया कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता में भारत की भूमिका को लेकर हो रही आलोचना उचित नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह युद्ध भारत का नहीं था, इसलिए भारत की सीधी भागीदारी की अपेक्षा करना तर्कसंगत नहीं है। शिवसेना (उद्धव गुट) की नेता प्रियंका ने पाकिस्तान पर भी निशाना साधते हुए कहा कि यह सीजफायर उसके लिए ÷एक ऐसे दलाल÷ की तरह है, जो पैसे लेकर संकट का समाधान करने का दावा करता है। यह टिप्पणी उन्होंने भारत के विदेश मंत्री के उस बयान के संदर्भ में की, जो सर्वदलीय बैठक में दिया गया था। वहीं, युद्धविराम को लेकर ईरान ने अमेरिका के सामने 10 सूत्रीय प्रस्ताव रखा है। इसमें भविष्य में हमले न करने, लेबनान पर कार्रवाई रोकने और युद्ध से हुए नुकसान की भरपाई जैसी शर्तें शामिल हैं। अमेरिका ने संकेत दिया है कि वह ईरान के पावर प्लांट, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचों को निशाना नहीं बनाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, मध्य पूर्व में स्थिरता कायम करने के लिए 10 अप्रैल को इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच अहम बैठक भी प्रस्तावित है। अब वैश्विक समुदाय की नजर इस वार्ता और सीजफायर की स्थिरता पर टिकी हुई है।

## सौराष्ट्र के अमरेली में लगातार भूकंपीय झटकों से दहशत, 5 घंटे में 8 बार हिली धरती

**सावरकुंडला-खांभा क्षेत्र में लगातार हल्के भूकंप के झटके; 3.58 तीव्रता का सबसे बड़ा झटका दर्ज**

**अमरेली (एजेंसी)।** सौराष्ट्र के अमरेली जिले में मंगलवार देर रात से बुधवार सुबह तक धरती के अंदर हो रही असामान्य हलचलों ने लोगों में चिंता और कौतूहल दोनों बढ़ा दिए हैं। जिले के सावरकुंडला और खांभा पंथक में भूकंप के झटकों का सिलसिला लगातार जारी है। सबसे अधिक असर मीतियाला और उसके आसपास के गांवों में देखा गया, जहां रात से सुबह 9 बजे तक महज 5 घंटे के भीतर 8 बार हल्के झटके महसूस किए गए। भाड, नानूड़ी, धजड़ी, साकरपारा, वांकिया, खांभा और इंगोराला जैसे कई गांवों में धरती हिलने से लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए।




गांधीनगर स्थित सिस्मोलॉजी विभाग ने इन सभी झटकों की पुष्टि की है, जिसके बाद प्रशासन भी अलर्ट मोड में आ गया है। झटकों की शुरुआत सुबह 4÷15 बजे 1.8 तीव्रता के साथ हुई, जिसके ठीक एक मिनट बाद 4:16 बजे 2.3 तीव्रता का झटका महसूस हुआ। इसके बाद 4:24 बजे 1.0 और 4:57 बजे 1.4 तीव्रता के झटके दर्ज किए गए। सुबह 7:00 बजे फिर 2.2 तीव्रता का झटका आया, जबकि 7:15 बजे दिन का सबसे तेज झटका 3.58 तीव्रता का दर्ज किया गया। इस दौरान घरों की वस्तुएं तक हिलने लगीं, जिससे लोगों में डर का माहौल और गहरा गया। इसके बाद भी 7:51 और 8:57 बजे 1.5-1.5 तीव्रता के झटके महसूस होते रहे।

सिस्मोलॉजी विभाग के अनुसार, भूकंप का केंद्र अमरेली से करीब 43 किलोमीटर दूर स्थित था। लगातार आ रहे झटकों के कारण क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों के बीच यह चर्चा भी तेज है कि कहीं यह किसी बड़े भूकंप का संकेत तो नहीं। फिलहाल प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और लोगों से अफवाहों से दूर रहने तथा सतर्क रहने की अपील की गई है।

# गुजरातियों पर टिप्पणी को लेकर घिरे मल्लिकार्जुन खड़गे ने मांगी माफी, सियासत में फिर उबाल

**भाजपा ने उठाए देरी पर सवाल, राहुल गांधी के इशारे पर बयान देने का लगाया आरोप**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरातियों को लेकर की गई टिप्पणी पर मचे विवाद के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आखिरकार माफी मांग ली है। उनके इस बयान के बाद गुजरात की राजनीति में काफी गर्माहट देखने को मिली थी। खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सफाई देते हुए कहा कि केरल में दिए गए उनके चुनावी भाषण की कुछ टिप्पणियों को जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। इसके बावजूद उन्होंने जिम्मेदारी लेते हुए खेद जताया। उन्होंने लिखा कि गुजरात के लोगों के प्रति उनके मन में हमेशा सर्वोच्च सम्मान रहा है और आगे भी रहेगा। उनका कभी भी किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था।

हालांकि, भाजपा ने इस माफी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। पार्टी के प्रवक्ता अनिल पटेल ने कहा कि माफी का स्वागत है, लेकिन यह सवाल बना हुआ है कि इसे देने में इतनी देर क्यों हुई। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, ÷देर आए दुरुस्त आए।÷ अनिल पटेल ने आरोप लगाया कि खड़गे कांग्रेस के 'युवराज' यानी राहुल गांधी के इशारे पर बयान देते हैं। हालांकि, उन्होंने खड़गे को एक सम्मानित व्यक्ति भी बताया। भाजपा का कहना है कि कांग्रेस बार-बार गुजरातियों का अपमान करती है और जब विरोध बढ़ता है, तब माफी मांगती है। प्रवक्ता ने खड़गे के पुराने 'सांप' वाले विवादित बयान का जिक्र करते हुए उस पर भी माफी मांगने की मांग की। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि यदि खड़गे का इरादा अपमान करने का नहीं था, तो उन्होंने तुरंत माफी क्यों नहीं मांगी? क्या विवाद बढ़ने का इंतजार किया गया?

गुजरात के लोग अपनी अस्मिता और सम्मान के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में जब किसी पूरे समुदाय को लेकर बयान दिए जाते हैं, तो उसका असर राष्ट्रीय राजनीति तक देखने को मिलता है। खड़गे की यह माफी भले देर से आई हो, लेकिन फिलहाल इसने राजनीतिक विवाद को शांत करने की कोशिश जरूर की है। अब देखना होगा कि आने वाले चुनावों में यह मुद्दा किस तरह से उभरता है।



विश्व नवकार महामंत्र दिवस समारोह

# नवकार महामंत्र प्राचीनतम पावन मंत्र, अहिंसा-अपरिग्रह-अनेकांतवाद पर आधारितकृसमाज में शांति-समृद्धि का संदेशः राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े

## राज्यपाल ने तीर्थंकरों की परंपरा का किया उल्लेख, विकार त्याग कर आत्मोन्नति का किया आह्वान





स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

'नवकार महामंत्र किसी एक व्यक्ति विशेष की स्तुति नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में रची-बसी आत्मशुद्धि, आस्था एवं साधना का प्रतीक है। यह मानव को भीतर से सशक्त बनाकर उसे उच्चतर जीवन मूल्यों की ओर अग्रसर करता है। ' यह विचार राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े ने गुरुवार को जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा मेडिसिटी ग्राउण्ड, भीलवाड़ा में आयोजित विश्व नवकार महामंत्र दिवस समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।उन्होंने इस दौरान कहा कि नवकार महामंत्र विश्व के प्राचीनतम एवं पावन मंत्रों में से एक है, जो अहिंसा, अपरिग्रह एवं अनेकांतवाद जैसे सिद्धांतों पर आधारित है। यह मंत्र न केवल आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है, बल्कि समाज में शांति, समृद्धि एवं सुरक्षा का भी संदेश देता है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में इसकी प्रासंगिकता और भी अधिक बढ़ गई है।

राज्यपाल श्री बागड़े ने जैन धर्म की महान परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि तीर्थंकरों ने क्रोध, मोह एवं द्वेष जैसे आंतरिक शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर आत्मज्ञान एवं मोक्ष का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में इन विकारों का त्याग कर आत्मोन्नति की दिशा में अग्रसर हो।

कार्यक्रम में मंच पर श्री गौतम दक राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग, सांसद श्री दामोदर अग्रवाल, श्री अशोक कोठारी विधायक श्री अशोक कोठारी, वाईस चेयरमैन जीतो अपेक्स श्री महावीर सिंह चौधरी,चेयरमैन जीतो भीलवाड़ा श्री मीठालाल सिंघवी भीलवाडा, संरक्षक जीतो भीलवाडा श्री त्रिलोक चन्द छाबडा मौजूद रहें।

कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री श्री गौतम दक ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व के विभिन्न हिस्सों में चल रहे संघर्ष एवं युद्ध मानवता के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। ऐसे परिदृश्य में भगवान महावीर द्वारा दिया गया 'जियो और जीने दो' का संदेश अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि अहिंसा ही विश्व शांति का एकमात्र मार्ग है और इसे हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

उन्होंने अपरिग्रह के सिद्धांत पर बल देते हुए कहा कि समाज में बढ़ती दिखावे की प्रवृत्ति को नियंत्रित करते हुए हमें जरूरतमंदों के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि इस पावन अवसर पर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लें।

सांसद श्री दामोदर अग्रवाल ने कहा कि भारत की समृद्ध संस्कृति अहिंसा, सद्भावना एवं विश्व कल्याण के मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराओं में निहित संदेशकृ 'धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो 'कृमानवता के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

विधायक श्री अशोक कोठारी ने अपने संबोधन में जैन दर्शन के अनुमोदना सिद्धांत की व्याख्या करते हुए कहा कि जिन आदर्शों के प्रति श्रद्धा होती है, उनका अनुसरण स्वाभाविक रूप से होता है। उन्होंने कहा कि नवकार महामंत्र के नियमित जाप से मन एवं हृदय की शुद्धि होती है तथा व्यक्ति मोक्ष के मार्ग की ओर अग्रसर होता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह द्वारा नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। हजारों श्रद्धालुओं ने एक स्वर में मंत्रोच्चार कर विश्व शांति एवं मानव कल्याण की कामना की।

समारोह में माण्डलगढ विधायक श्री गोपाल लाल लाल ,सहाड़ा विधायक श्री लादुलाल पितलिया, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री प्रशांत मेवाडा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी, जैन समाज के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। हेलीपैड पहुँचने जिला कलक्टर श्री जसमीत सिंह संधू एवं पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द सिंह यादव ने बुके देकर स्वागत अभिनंदन किया। आयोजन के सफल संचालन हेतु आयोजक संस्था द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# भामिनी राठौड़ बनीं आसींद ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष, संगठन में नई ऊर्जा का संचार



स्मार्ट हलचल

आसींद (भीलवाड़ा)। राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस में संगठनात्मक विस्तार के तहत गुरुवार को महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की गईं। प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह ने भीलवाड़ा जिले के सभी ब्लॉकों में महिला अध्यक्षों के नामों की घोषणा की, जिसमें भामिनी राठौड़ को आसींद ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष भामिनी राठौड़ का क्षेत्र में गहरा राजनीतिक जुड़ाव है। वह आसींद विधानसभा के पूर्व विधायक किशन सिंह दौलतगढ़ की पुत्रवधू हैं। मनोनयन के पश्चात भामिनी राठौड़ ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहाः 'मैं पार्टी की विचारधारा और संगठन के प्रति पूरी तरह निष्ठावान रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूँगी। महिला कांग्रेस को ब्लॉक स्तर पर मजबूत करना और जन-जन तक कांग्रेस की नीतियों को पहुँचाना मेरी प्राथमिकता रहेगी। '

एनएसयूआई प्रदेश महासचिव संदीप चावला ने इस नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा कि भामिनी राठौड़ के नेतृत्व से आसींद ब्लॉक में महिला कांग्रेस को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। नियुक्ति की सूचना मिलते ही क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

# बिजौलियां में गूंजा नवकार महामंत्र

## 108 देशों में एक साथ हुआ पाठ, 'जीतो' के दिल्ली कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह रहे मुख्य अतिथि



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियां।** विश्व नवकार दिवस के पावन अवसर पर गुरुवार को बिजौलियां कस्बे में आस्था और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर स्थित संतशाला में सकल जैन समाज, बिजौलियां के तत्वावधान में नवकार महामंत्र जाप का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय साधर्मिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान पार्श्वनाथ के चित्र के अनावरण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात सामूहिक रूप से नवकार महामंत्र का पाठ प्रारंभ हुआ। इस पावन आयोजन में समाज की महिलाओं, पुरुषों और युवा वर्ग ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक स्वर में नवकार मंत्र का जाप करते हुए सम्पूर्ण विश्व की शांति, समृद्धि और प्राणी मात्र के कल्याण की मंगल कामना की।

### दुनिया के 108 देशों में एक साथ गूंजा मंत्रः

उल्लेखनीय है कि विश्व नवकार मंत्र दिवस के अवसर पर आज पूरी दुनिया के 108 देशों में 6000 से अधिक स्थानों पर एक साथ नवकार मंत्र की गूंज उठी। इस विशाल वैश्विक आयोजन में 'जीतो' संगठन अपनी मुख्य भूमिका निभा रहा है। राष्ट्रीय स्तर का मुख्य कार्यक्रम दिल्ली में संपन्न हुआ। इस गरिमामय राष्ट्रीय समारोह में देश के गृह मंत्री अमित शाह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

# लाडपुरा में श्री सांवरिया गौशाला में तहसीलदार द्वारा औचक निरीक्षण



स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** श्री सांवरिया गौशाला में गुरुवार को तहसीलदार द्वारा ओचक निरक्षण किया गया। व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलेक्टर महोदय के आदेश अनुसार श्री सांवरिया गौशाला समिति लाडपुरा का भौतिक सत्यापन तहसीलदार बसंत कुमार पांडे डॉक्टर अरविंद सारस्वत के द्वारा किया गया एवं गौशाला में गायों की चारे पानी की व्यवस्था गर्मी के अंदर पानी की क्या व्यवस्था रहेगी गायों को गर्मी से बचाव आदि के बारे में बताया गया। इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष नारायण सनाढ्य, दिनेश सिंह शक्तावत, ऊंकार गुर्जर, आदि उपस्थित थे।

# पोक्सो और शराब तस्करी में फरार 2 इनामी वांटेड गिरफ्तार

## अहमदाबाद से 10 हजार का इनामी दुष्कर्मी और हरियाणा से दबोचा 12 साल से फरार 7500 का इनामी तस्कर

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिले में वांछित और इनामी अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान में पुर थाना पुलिस और जिला विशेष शाखा (ष्ठस्ट) को दो बड़ी सफलताएं हाथ लगी हैं। पुलिस टीम ने पोक्सो एक्ट के गंभीर मामले में फरार 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी और शराब तस्करी में 12 साल से रडार से गायब 7500 रुपये के इनामी बदमाश को दूसरे राज्यों से गिरफ्तार किया है।

नाबालिग भतीजी से दुष्कर्म का आरोपी अहमदाबाद से गिरफ्तारः


पहली कार्रवाई में पुलिस ने अगस्त 2024 में दर्ज हुए एक पोक्सो मामले के आरोपी शंकर नायक (निवासी नाथडियास, पुर) को अहमदाबाद से गिरफ्तार किया है। आरोपी रिश्ते में पीड़िता का काका लगता है। उसने नाबालिग को स्कूल से बहाने से घर ले जाकर डरा-धमका कर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था और तब से फरार था। एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने उस पर 10,000 का इनाम घोषित किया था। थानाधिकारी कन्हैया लाल के नेतृत्व में टीम ने उसे डिटेन किया।

### 12 साल से फरार शराब तस्कर हरियाणा से दबोचाः

दूसरी कार्रवाई में पुर पुलिस और डीएसटी ने वर्ष 2014 के अवैध शराब तस्करी (ट्रक से शराब बरामदगी) के मामले में 12 सालों से फरार चल रहे शातिर आरोपी सुनील जाट पुत्र सूरजभान जाट (निवासी बडेसरा, भिवानी, हरियाणा) को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस पूर्व में 3 आरोपियों को जेल भेज चुकी थी, लेकिन सुनील लगातार ठिकाने बदल रहा था। उस पर 7,500 रुपये का इनाम था। डीएसटी के हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश की सटीक सूचना और तकनीकी सहयोग से आरोपी को हरियाणा से दबोचा गया।

इन दोनों बड़ी कार्रवाइयों को एएसपी पारस जैन व डीएसपी राहुल जोशी के सुपरविजन में पुर थानाधिकारी कन्हैया लाल की टीम ने अंजाम दिया, जिसमें पुलिस व डीएसटी के जवानों की अहम भूमिका रही।

# धीरे-धीरे पिघल रही भारत-बांग्लादेश के रिश्तों में जमी 'बर्फ'



स्मार्ट हलचल | नई दिल्ली

बांग्लादेश की नई सरकार के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान भारत दौरे पर हैं। दोनों देशों के संबंधों में पिछले कुछ समय से चल रही खटास के बीच यह दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बांग्लादेशी विदेश मंत्री ने दो दिन की नई दिल्ली यात्रा के दौरान अपने भारतीय समकक्ष डॉ. एस. जयशंकर के साथ ही पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी से भी मुलाकात की। इस दौरान द्विपक्षीय सहयोग के साथ ही ऊर्जा सहयोग पर भी चर्चा हुई।

वहीं दूसरी ओर ढाका में भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के रक्षा सलाहकार, ब्रिगेडियर जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. ए.के.एम. शमशुल इस्लाम से मुलाकात की। उन्होंने अपने व्यापक सुरक्षा और रक्षा सहयोग की समीक्षा की, जिसमें द्विपक्षीय परामर्श तंत्र, प्रशिक्षण आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण की पहल और दोनों देशों के रक्षा संस्थानों के बीच आदान-प्रदान शामिल हैं।

विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिख बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान और उनके प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी करके मुझे प्रसन्नता हुई। हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं को मजबूत करने पर चर्चा की। साथ ही, क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। आपस में निरंतर संपर्क बनाए रखने पर सहमति बनी।

उच्चायुक्त प्रणय वर्मा की डॉ. इस्लाम से मुलाकात के बाद बांग्लादेश स्थित भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर लिख उन्होंने अपने समग्र द्विपक्षीय संबंधों के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में अपने रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने साझा सुरक्षा चुनौतियों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और इस क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की। हाई कमिश्नर ने आपसी हित और लाभ पर आधारित अपने बहुआयामी सहयोग को बढ़ाने के लिए बांग्लादेश सरकार के साथ मिलकर काम करने की भारत की तत्परता व्यक्त की।

भारत और बांग्लादेश के रिश्ते, विशेष रूप से तारिक रहमान के नेतृत्व वाली नई सरकार के सत्ता में आने के बाद, पूर्व के तनावपूर्ण दौर के बाद अब पटरी पर लौट रहे हैं। अगस्त 2024 में शेख हसीना के सत्ता से हटने और मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के दौरान संबंधों में जो ठंडापन आया था, वह अब प्रधानमंत्री तारिक रहमान की नई सरकार के आने के बाद धीरे-धीरे दूर हो रहा है। बांग्लादेशी विदेश मंत्री के भारत दौरे को रिश्तों में जमी 'बर्फ पिघलने' के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

अगस्त 2024 से बंद पड़ी अगरतला-ढाका बस सेवा का हाल ही में ट्रायल रन किया गया है और इसे जल्द ही नियमित रूप से शुरू करने की तैयारी है। भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन के माध्यम से डीजल का आयात फिर से शुरू हो गया है, जो बांग्लादेश में ईंधन संकट को कम करने में मदद करेगा। इसके अलावा दोनों देश वीजा प्रक्रियाओं को सामान्य बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, जो पिछले कुछ महीनों से सुरक्षा कारणों से सीमित थीं।

# टंकण गति परीक्षा के लिए 27 अप्रैल तक करें आवेदन

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रित, ऐसे कर्मचारी जिनकी नियुक्ति 31 दिसंबर 2022 से पूर्व हुई हो तथा उनके द्वारा अभी तक टंकण परीक्षा उतीर्ण नही की है, को जिला स्तर पर आयोजित होने वाली आगामी दो टंकण परीक्षाओं में बैठने के लिए दो और अतिरिक्त अवसर प्रदान किए गए है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री रणजीत सिंह ने जिले के समस्त विभागाध्यक्षों व कार्यालयध्यक्ष को निर्देशित किया कि वे 31 दिसंबर 2022 पूर्व नियुक्त ऐसे मृतक आश्रित कर्मचारी जिनके द्वारा अभी तक टंकण परीक्षा उतीर्ण नही की है। वे अपने आवेदन पत्र जिला कार्यालय की वेबसाइट www. bhilwara.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर आवेदन पत्र की समस्त पूर्तियां कर 27 अप्रैल सायं 5 बजे तक जिला कलक्टर कार्यालय को प्रेषित करें। तथा ऐसे अभ्यर्थी (31 दिसंबर 2022 के पश्चात नियुक्त कर्मचारी) जिन्होंने माह मई 2026 में आयोजित होने वाली टंकण गति परीक्षा हेतु अभी तक आवेदन पत्र प्रेषित नही किये वे अपने आवेदन वेबसाइट से डाउनलोड कर समस्त पूर्ति कर 27 अप्रैल तक प्रेषित करें।

अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ निधार्रित राशि का परीक्षा शुल्क 500/- रूपये की डी. डी. जो कि जिला कलक्टर भीलवाड़ा के पक्ष में देय होगा। 27 अप्रैल 2026 के पश्चात प्राप्त वाले आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा।

# भाविप शाखा भोजरास के चुनाव संपन्न

## अशोक अजमेरा अध्यक्ष, अशोक मानावत सचिव, मेवाड़ा कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** भारत विकास परिषद शाखा भोजरास के सत्र 2026 व 27 के लिए मुख्य दायित्वधारियों के चयन के लिए प्रांत द्वारा निर्देशित प्रांतीय संयोजक ष्ठ. जितेंद्र पीपाड़ा विजयनगर के सानिध्य में वंदे मातरम गायन के पश्चात विधिवत रूप से चयन प्रक्रिया संपन्न की। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए अशोक अजमेरा सचिव पद के लिए अशोक मानावत व कोषाध्यक्ष के लिए दिलकुश मेवाड़ा को निर्विरोध रूप से चयन किया गया। पीपाड़ा ने परिषद द्वारा किए जा रहे सेवा व संस्कार के कार्यों के बारे में परिषद सदस्यों को अवगत कराया। साथ ही भोजरास शाखा द्वारा किए गए कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। विजयनगर शाखा के वरिष्ठ सदस्य बुद्धि प्रकाश पारीक का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर शाखा पूर्व अध्यक्ष भंवर लाल टेलर, शाखा वरिष्ठ सदस्य दुर्गा प्रसाद मालपानी, विष्णु शर्मा, लादूराम जाट, सतीश मालपानी, संपत पूरी, ओमप्रकाश मेवाड़ा, श्रवण गुर्जर, जगदीश अजमेरा व मातृशक्ति रेखा अजमेरा व कैलाश देवी टेलर उपस्थित थी। अंत में राष्ट्रगान के साथ चयन प्रक्रिया संपन्न की।

# 4 फैक्ट्रियों पर छापा, 10,500 किलो नकली मिर्च पाउडर सीज

## गेहूं के चापड़ और सिंथेटिक केमिकल से बन रहा था मसाला; मिलावट पर 'जीरो टॉलरेंस'

स्मार्ट हलचल | अनिल कुमार



**ब्यावर।** राजस्थान सरकार के 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने ब्यावर के रीको क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई कर मसालों में मिलावट के काले खेल का भंडाफोड़ किया है। जिला कलेक्टर कमल राम मीणा व सीएमएचओ डॉ. संजय गहलोत के नेतृत्व में टीम ने 4 औद्योगिक इकाइयों पर छापा मारा। जांच में सामने आया कि महावीर उद्योग, गोकुल उद्योग, गादिया सप्लायर्स और गुलाब चन्द्र उत्तमचन्द फर्मों पर गेहूँ के चापड़ और सिंथेटिक कलर्स का इस्तेमाल कर नकली मिर्च पाउडर तैयार किया जा रहा था।

मौके पर सीज हुआ भारी स्टॉकः अधिकारियों ने मौके पर ही 10,500 किलो मिर्च पाउडर, 1,550 किलो धनिया पाउडर, 700 किलो गेहूँ का चापड़ और भारी मात्रा में हल्दी पाउडर सीज कर दिया है। निर्माण का तरीका और जगह पूरी तरह से अस्वच्छ व असुरक्षित पाई गई।

जांच रिपोर्ट पर टिके लाइसेंसः टीम ने नमूनों को राजकीय खाद्य प्रयोगशाला, जयपुर भेज दिया है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि रिपोर्ट में उत्पाद 'असुरक्षित' पाए जाने पर मालिकों (अनिल कुमार जैन, रित जैन, महेंद्र कुमार जैन) के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी और फर्म के लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे।

अब इनकी बारीः जांच टीम के सदस्य विनोद कुमार शर्मा, अमित शर्मा और नारायण सिंह ने स्पष्ट किया कि प्रशासन मिलावट के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपना रहा है। आगामी दिनों में होटलों, कैफे, रेस्टोरेंट, मिठाई की दुकानों, अनाज मंडियों सहित तेल व फल-सब्जी विक्रेताओं की भी सघन जांच की जाएगी। स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# रहड़ पंचायत का बड़ा फैसला, बेटियों को मिली 7 बीघा जमीन की सौगात

## प्रशासक सलीम खां का नवाचार बना जिले में मिसाल; बालिका स्कूल भवन व खेल मैदान के लिए 1.75 हेक्टेयर भूमि दान

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** तहसील की रहड़ ग्राम पंचायत ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। पंचायत प्रशासक सलीम खां कायमखानी ने नवाचार करते हुए ग्राम पंचायत की ओर से राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय को 7 बीघा (1.75 हेक्टेयर) भूमि दान कर दी है। यह जमीन स्कूल भवन निर्माण और खेल मैदान के लिए दी गई है।

लंबे समय से जर्जर भवन और जगह की कमी से जूझ रही छात्राओं के लिए यह निर्णय किसी सौगात से कम नहीं है। पंचायत ने बकायदा बोर्ड प्रस्ताव लेकर और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर यह जमीन स्कूल के नाम कर दी है। इस अनूठी उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्रशासक सलीम खां और ग्राम विकास अधिकारी दीपक धाकड़ ने स्कूल प्रशासन को भूमि की रजिस्ट्री सौंपी।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रशासक सलीम खां ने कहा कि शिक्षा और संस्कृति से बेटियों को वंचित नहीं रखा जा सकता। बेहतर सुविधाओं से ही बालिकाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। विद्यालय की प्राचार्य ममता राजावत ने आभार जताते हुए कहा कि यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी। सेवानिवृत्त सीडीईओ योगेश पारीक ने इस कदम को मील का पत्थर बताते हुए अन्य पंचायतों से भी ऐसी पहल करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त एडीईओ नवनीत जोशी, पीईईओ हेमराज खटीक, पटवारी गोविंद सिंह, ईश्वर गुर्जर, रामस्वरूप रेगर, रामदेव बैरवा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। क्षेत्र में रहड़ पंचायत का यह कदम चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग इसे बेटियों के सुनहरे भविष्य की ओर एक बड़ा कदम मान रहे हैं।

# जोधपुर एकेडमी बनी चैंपियन, रोमांचक पेनाल्टी शूटआउट में झुंझुनू को हराया

## मुख्यातिथि आंजना ने विजेता उपविजेता टीमों को किया पुरस्कृत, सैनिक स्कूल मैदान पर राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम








स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

आल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के निर्देशानुसार तथा राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के मार्गदर्शन में जिला फुटबॉल संघ चित्तौड़गढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एवं भव्य समापन समारोह गुरुवार को सैनिक स्कूल मैदान पर गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान खेल भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा का शानदार संगम देखने को मिला।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि छोटी सादड़ी के पूर्व प्रधान मनोहर लाल आंजना रहे, जबकि अध्यक्षता जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष पूरण आंजना ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष भैरूलाल चौधरी, पूर्व सरस डेयरी चेयरमैन बद्री लाल जगपुरा, राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के सेक्रेटरी दिलीप सिंह शेखावत, निंबाहेड़ा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सुभाष चंद्र शारदा, निंबाहेड़ा क्रय विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष गोपाल आंजना, गंगरार के पूर्व प्रधान रविंद्र सिंह राणावत, यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चौधरी, जिला फुटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष मनोज पारख, उपाध्यक्ष रामकिशन चौधरी, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष गोविन्द शर्मा, जिला क्रीड़ा परिषद के पूर्व सदस्य मुकेश पारख, राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के ज्वाइंट सेक्रेटरी एवं ऑब्जर्वर रफीक अहमद, सुनील राव, कान सिंह, हितेश शर्मा, पवन शर्मा, अमर सिंह एवं भरत गुर्जर मंचासीन रहे।

### मेवाड़ी परंपरा से हुआ अतिथियों का स्वागत:

अतिथियों के आगमन पर आयोजन समिति के धर्मेंद्र सिंह, फैसल खान, शाहिद हुसैन, मोहम्मद शकील मंसूरी, ज़ाकिर हुसैन, ओम नाथ, लखन नाथ, इफ्तेखार अहमद, रफीक खान, मनदीप सिंह सोलंकी, नवदीप, आरिफ, इमरान, वसीम, बंटी, सुनील सोनी, पुष्कर, दिलीप जोशी, कम्मू, मदन, अजय प्रजापत, इब्राहिम, पवन, हिमांशु, हसन, पीयूष, प्रशांत तिवारी, शूरवीर, रेहान, कमलेश वैष्णव, विष्णुदेव मेहता, अकरम, आसिफ एवं आरिफ छिपा द्वारा मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर, उपर्णा ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया गया।

### खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन:

मुख्य अतिथि मनोहर लाल आंजना सहित सभी अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल को किक मारकर मैच का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### फाइनल मैच: पेनाल्टी में तय हुआ विजेता:

आयोजन समिति के धर्मेन्द्र सिंह तंवर के अनुसार फाइनल मुकाबला जोधपुर एकेडमी और झुंझुनू की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए निर्धारित समय तक कोई गोल नहीं होने दिया। मुकाबला बराबरी पर समाप्त होने के बाद पेनाल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया, जिसमें जोधपुर एकेडमी ने 4-2 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

### खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा, राष्ट्रीय स्तर का रास्ता खुला:

फैसल खान ने जानकारी देते हुए बताया कि चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सैकड़ों खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। इसी प्रतियोगिता के माध्यम से राजस्थान टीम का चयन किया जाएगा, जो छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेगी।

फाइनल मैच के पश्चात आयोजित समापन समारोह में अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर दर्शकों ने तालियों की गूंज से उनका उत्साह बढ़ाया।

### रेफरी और सहयोगी स्टाफ का अहम योगदान:

प्रतियोगिता के सफल एवं निष्पक्ष संचालन में रेफरी पैनल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्थानीय रेफरी रिज़वान मंसूरी और अरशद खान का विशेष सहयोग उल्लेखनीय रहा। रेफरी पैनल में कर्मवीर, यशवर्धन, भैरू, अरशद, हरीश भाटी, लोकेश, पवन, महिपाल सिंह, किशन, रिज़वान मंसूरी एवं अरशद खान ने सेवाएं प्रदान की। इसके अतिरिक्त शारीरिक शिक्षक एवं सहयोगी स्टाफ में सुरेश चंद्र नायक, मोहम्मद शकील मंसूरी, जगदीश समदानी, सोहनलाल मेघवाल, राधेश्याम तेली, अख्तर खान, कमलेश कुमार, मोहित दीवान, कमलेंद्र सिंह, कमलेश जाट, गोविंद सिंह एवं आरिफ मंसूरी ने भी आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। समापन समारोह का प्रभावी एवं सफल संचालन शाहिद हुसैन द्वारा किया गया। सफलतापूर्वक बेहतरीन आयोजन सम्पन्न करवाने हेतु मॉर्निंग क्लब चित्तौड़गढ़ एवं आयोजन समिति की पूरी टीम को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। चित्तौड़गढ़ में आयोजित यह राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने में सफल रही, बल्कि युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता और उत्साह का भी संचार किया। इस तरह के आयोजन प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूती देने के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। समापन समारोह के अंत में जिला फुटबॉल संघ द्वारा प्रतियोगिता में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले समस्त खेलप्रेमियों का आभार व्यक्त किया गया।

# राज्य स्तरीय अंडर 20 बालक फुटबॉल प्रतियोगिता में भीलवाड़ा तीसरे पायदान पर

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा




राजस्थान फुटबॉल संघ एवं जिला फुटबॉल संघ चित्तौड़गढ़ के सयुक्त तत्वावधान में चल रही अंडर 20 बालक फुटबॉल प्रतियोगिता में भीलवाड़ा तीसरे स्थान पर रही जिला फुटबॉल संघ के सचिव कैलाश चंद्र खटीक ने बताया कि सेमीफाइनल मुकाबला भीलवाड़ा वर्सेज जोधपुर फुटबॉल अकादमी के बिच हुआ जिसमें भीलवाड़ा 2-0 से हार गई बाद में तृतीय स्थान के लिए भीलवाड़ा वर्सेज उदयपुर के बीच मेज खेला गया जिसमें भीलवाड़ा 2-3 से विजय रही संघ के प्रवक्ता दीपक खींची ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता से राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा वही चयनित खिलाडियों का चितौड़गढ़ में प्रशिक्षण कैंप लगाया जाएगा एवं इस से राजस्थान टिम का चयन किया जाएगा टिम के कप्तान सिद्धार्थ गौतम बैरवा ने वार्ता में बताया कि भीलवाड़ा की पूरी टिम व प्रत्येक खिलाड़ी का अच्छा प्रदर्शन रहा इस पूरी प्रतियोगिता में ओर उन्होंने इस जीत का श्रेय संघ के सचिव कैलाश चंद्र खटीक कोच मिथलेश मारू जगदीश बुनकर ओर शंकर जीनगर को देने के साथ ही बताया कि एक कोच की अच्छी रणनीति अच्छा प्रयास कठिन परिश्रम के बदौलत ही संभव हे यह हमें प्रतिदिन निःशुल्क प्रशिक्षण देते हैं और हर संभव प्रयास करते हे कि हम में खेल की नवीनतम स्किल्स का इजाफा कैसे हो कैसे हमें ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले और हम आगे जा कर जिले का प्रदेश का ओर देश का नाम रोशन करे इस उपलब्धि पर ओम प्रकाश काबरा भेरू लाल जिनगर जगदीश बुनकर शंकर जीनगर लोकेश बुनकर महेश शर्मा कैलाश कोठारी दुर्गेश जोशी सदिक पठान अमर सिंह सिद्धार्थ पोरवाल शेखर बैरवा आदि ने खुशी जताई।

# श्री राधे फाउंडेशन की नई कार्यकारिणी घोषित, कमलेश दरगड़ अध्यक्ष व धर्मेन्द्र बसेर बने सचिव

## मानव और पशु-पक्षी सेवा को समर्पित रहेगा नया कार्यकाल मार्च 2028 तक

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



तिलक नगर स्थित सामाजिक संस्था 'श्री राधे फाउंडेशन' की स्थापना के 3 वर्ष पूर्ण होने पर कुवाड़ा स्थित तेजाजी मंदिर में सदस्यों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से संस्था की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसका कार्यकाल मार्च 2028 तक रहेगा।

फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष सुनील सोमानी ने बताया कि सभी सदस्यों की सहमति से कमलेश दरगड़ को अध्यक्ष और धर्मेन्द्र बसेर को सचिव मनोनीत किया गया है। वहीं, राजेंद्र कुमार जागेटिया, सुनील सोमानी और राजेन्द्र पोरवाल को संरक्षक का दायित्व सौंपा गया है। नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश दरगड़ ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जगदीश सोनी को उपाध्यक्ष, ओम सोमानी को कोषाध्यक्ष, मनोहर झवर को सहसचिव, सुशील बांगड को संगठन मंत्री और दिनेश तोषनीवाल को प्रचार-प्रसार मंत्री मनोनीत किया है।

सेवा कार्यों को निरंतर रखने का लिया संकल्पः निर्विरोध निर्वाचित होने पर अध्यक्ष कमलेश दरगड़ ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संकल्प लिया कि संस्था द्वारा पिछले 3 वर्षों से की जा रही सेवा को आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य बेसहारा पशु-पक्षियों और असहाय मानवों की सेवा करना है। इसके तहत गौ सेवा, गायों के उपचार की व्यवस्था, सरकारी अस्पतालों व वृद्धाश्रम में भोजन व फल वितरण, बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर कमजोर परिवारों को भोजन पैकेट वितरण और पक्षियों के लिए परिंडे लगाने जैसे कार्य किए जाएंगे।

संस्था के सेवा कार्य सदस्यों के मासिक अंशदान और परिजनों के जन्मदिन व पुण्यतिथि पर प्राप्त होने वाले आर्थिक सहयोग से ही संचालित किए जाएंगे। इस दौरान सभी से संस्था में नए सदस्यों को जोड़कर इसे और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया गया। बैठक का समापन 'जय महेश, जय गौ माता' के जयकारों के साथ हुआ।

# अवैध मदिरा पर कार्रवाई - वॉश नष्ट, हथकड़ शराब जब्त

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी निरोधक दलों द्वारा प्रदेश में हनुमानगढ़ एवं बांसवाड़ा में गश्त, नाकाबंदी एवं दबिश कार्रवाई करते हुए हजारों लीटर वॉश, भट्टियां नष्ट करते हुए अवैध मदिरा को जब्त किया।

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार अतिरिक्त आबकारी आयुक्त पॉलिसी प्रदीप सिंह सांगावत एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रशासन अनिल कुमार शर्मा के सुपरविजन में प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा के परिवहन व विक्रय पर आबकारी निरोधक टीमों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। जिला हनुमानगढ़ के अमरपुरा खेड़ी, मुंडा, मानकसर डीग्गवाला ग्राम में दबिश की कार्रवाई करते हुए सरकारी भूमि पर 4 हजार लीटर वॉश एवं 6 भट्टियां नष्ट की गई। इसी प्रकार बांसवाड़ा एवं कुशलगढ क्षेत्र में आबकारी निरोधक दल की कार्रवाई में 3 हजार लीटर वॉश नष्ट किया। मौके से अवैध मदिरा की 173 बोतल भी बरामद की गई। इसी प्रकार प्रदेश में अन्य जिलों में भी आबकारी निरोधक दलों द्वारा नाकाबंदी, गश्त एवं दबिश की कार्रवाई कर अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर कार्रवाई की जा रही है।

# राज्य स्तरीय कुश्ती में भीलवाड़ा ने रचा इतिहास, सभी 6 जनरल चैंपियनशिप जीतकर बनाया रिकॉर्ड

## उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने विजेता पहलवानों को पहनाए मेडल, खेल प्रेमियों में भारी उत्साह

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में भीलवाड़ा जिले के पुरुष एवं महिला पहलवानों ने अपना परचम लहराया है। जिले के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-20 (जूनियर वर्ग) एवं अंडर-17 (सब-जूनियर) में सभी 6 जनरल चैंपियनशिप जीतकर एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। आज से पहले राजस्थान के किसी अन्य जिले के नाम यह अनूठा रिकॉर्ड दर्ज नहीं था।

अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रशिक्षक जगदीश जाट ने बताया कि 5 से 7 अप्रैल तक एसएमएस स्टेडियम के इंडोर हॉल में आयोजित इस प्रतियोगिता में केसरी नंदन व्यायाम शाला (टंकी के बालाजी) के पहलवानों ने सर्वाधिक पदक जीते। समापन समारोह में राजस्थान के उपमुख्यमंत्री श्री प्रेमचंद बैरवा, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के ओएसडी राजीव दत्ता और राजस्थान कुश्ती संघ के सचिव उम्मेद सिंह झांझरिया ने पदक विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

अंडर-20 वर्गः खुशी जाट (72 किग्रा) व संदीप (60 किग्रा ग्रीको-रोमन) ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं, देवेंद्र सिंह (79 किग्रा फ्रीस्टाइल) व चंचल माली (65 किग्रा) ने रजत और खेतु चौधरी (72 किग्रा), मनीष माली (57 किग्रा फ्रीस्टाइल), अनिल जाट (63 किग्रा ग्रीको-रोमन) व पंकज माली (130 किग्रा ग्रीको-रोमन) ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

अंडर-17 वर्गः पंकज माली ने 125 किग्रा ग्रीको-रोमन में स्वर्ण पदक जीता। चारवी माली (46 किग्रा) ने रजत और चित्रांशा (40 किग्रा), राघव माली (48 किग्रा फ्रीस्टाइल) व विशाल माली (45 किग्रा ग्रीको-रोमन) ने कांस्य पदक जीता। इस अभूतपूर्व सफलता पर जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत, केसरी नंदन व्यायाम शाला के संरक्षक राधेश्याम बहेड़िया, अध्यक्ष सुवालाल जाट, सचिव अरुण शर्मा, धर्मेंद्र पारीक, कोषाध्यक्ष महेश पांडे, रतनलाल जाट, सह-प्रशिक्षक राकेश जाट, नवीन मारू सहित अनेक खेल प्रेमियों व पदाधिकारियों ने पहलवानों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# माहेश्वरी पब्लिक स्कूल (गर्ल्स) में हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता पर सेमिनार

## छात्राओं को कानून की जानकारी देकर अधिकारों के प्रति किया जागरूक

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** श्री महेश सेवा समिति द्वारा संचालित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल (गर्ल्स) आजाद नगर में 'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूज़डेज विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम' के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन सुव्यवस्थित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को कानून संबंधी मूलभूत जानकारी प्रदान करना तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विशाल भार्गव (अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) ने द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सरल एवं प्रभावशाली तरीके से साईबर क्राइम तथा उन्होंने छात्राओ की सुरक्षा से सम्बंधित महत्वपूर्ण मुद्दो की जानकारी प्रदान की तथा दैनिक जीवन में उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। समिति के सचिव राजेंद्र कचोलिया ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विधिक जागरूकता विकसित करना था। समिति के निर्देशक एवं स्कूल प्रभारी दिलीप तोषनीवाल ने बताया कि छात्राओ को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील बनाना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अल्पा सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई तथा अपने प्रश्नों के माध्यम से जिज्ञासाएं भी व्यक्त की। जिनका विशेषज्ञों द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन ने इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक बताया। सेमिनार के सफल आयोजन में विद्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा। अंत में विद्यालय की उप प्रधानाचार्या श्रीमती रुचि रस्तोगी ने सभी अतिथियों एवं सहभागियों के का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# लाडो सेवा फाउंडेशन राष्ट्रीय हिन्द गौरव विभूषण अवार्ड से सम्मानित

## समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान पर मिला सम्मान, कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों की रही उपस्थिति

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहे लाडो सेवा फाउंडेशन को भारतीय क्रीड़ा विकास संगठन एवं ड्रॉप रोबॉल महा संघ द्वारा भव्य समारोह में राष्ट्रीय हिन्द गौरव विभूषण अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड लाडो सेवा फाउंडेशन को आजीवन के लिए दिया गया। लाडो सेवा फाउंडेशन के संस्थापक एडवोकेट लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने बताया कि यह सम्मान संस्था द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर महिलाओं, युवाओं एवं जरूरतमंदों के उत्थान के लिए किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय क्रीड़ा विकास संगठन के संस्थापक डॉ. ईश्वर सिंह आचार्य, कर्नल डॉ संदीप नैन, प्रो अजय रंगा, भारतीय क्रीड़ा विकास संगठन के महा सचिव डॉ सुधीर कुमार शर्मा तथा उत्तराखंड के पूर्व राज्य मंत्री राहुल यादव ने लाडो सेवा फाउंडेशन के प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि लाडो सेवा फाउंडेशन ने समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है और यह संस्था जनकल्याण के कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि लाडो सेवा फाउंडेशन समय-समय पर विभिन्न सामाजिक गतिविधियों जैसे गरीब एवं जरूरतमंदों की सहायता, शिक्षा के प्रति जागरूकता, स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन तथा महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम संचालित करता रहा है। संस्था का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सहायता पहुंचाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। सम्मान प्राप्त करने के बाद फाउंडेशन के सदस्यों ने क्रीड़ा विकास संगठन का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे और अधिक ऊर्जा एवं प्रेरणा प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि संस्था भविष्य में अपने सेवा कार्यों को और अधिक विस्तार देगी तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने का प्रयास जारी रखेगी। कार्यक्रम में विभिन्न गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं खिलाड़ी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने लाडो सेवा फाउंडेशन के कार्यों की सराहना करते हुए संस्था के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भारतीय ड्रॉप रोबॉल संघ महा सचिव दता गिरी गोसावी, उत्तरप्रदेश ड्रॉप रोबॉल अध्यक्ष अशोक यादव, उतर प्रदेश सचिव राहुल यादव, करमवीर यादव, हिमाचल सचिव गोविंद सिंह, ड्रॉप रोबॉल महा संघ के तकनीकी निदेशक आई एस पंघाल, जसबीर कुंडू सहित संस्था के कई पदाधिकारी एवं संपूर्ण भारत वर्ष से आए तेईस राज्यों के सैकड़ों खिलाड़ी और अभिभावक उपस्थित रहे।

# चांदी के मुकुट, छत्र और आभूषण ले उड़े चोर, गांव में रोष

स्मार्ट हलचल

**वैर।** कस्बा वैर के पास स्थित गांव तंवरगढ़ में गुरुवार को एक प्राचीन लक्ष्छीराम-घासीराम मंदिर में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर मंदिर से चांदी के मुकुट, छत्र और अन्य आभूषण चोरी कर ले गए, जिससे गांव में आक्रोश फैल गया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 11 बजे जब गांव की महिलाएं और पुरुष नियमित पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि मंदिर में स्थापित दोनों मूर्तियों पर चढ़े चांदी के दो मुकुट, दो छत्र और अन्य आभूषण गायब थे। यह देखकर मौके पर हड़कंप मच गया और तुरंत ग्रामीणों को इसकी सूचना दी गई।

ग्रामीण देवीसिंह गुर्जर ने बताया कि मंदिर काफी प्राचीन है और गांव की आस्था का केंद्र है। इस तरह की चोरी की घटना से लोगों में गहरा आक्रोश है। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में एकत्र हो गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में पूछताछ कर संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। मौके पर गांव के बाबू, देवीसिंह, सुरेश, महेश, मनोज, राजाराम, विनोद, पुष्पेंद्र, छगन, रामेश्वर, अमरजीत, पीतम, मधु, मोहनसिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# एनएसयूआई के स्थापना दिवस पर 108 यूनिट रक्तदान

## जनप्रतिनिधियों, युवाओं और समाजसेवियों की सहभागिता से सफल हुआ मानवता का महाअभियान

स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा



भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर निंबाहेड़ा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। राजकीय जिला चिकित्सालय, निंबाहेड़ा में आयोजित यह शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला, जिसमें सेवा भावना से ओतप्रोत युवाओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर 108 यूनिट रक्तदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल एवं नगर सेवादल मुख्य संगठक दिनेश गुप्ता द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर छोटी सादड़ी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान मनोहरलाल आंजना एवं चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष पूरण आंजना ने स्वयं रक्तदान कर समाज को प्रेरणादायक संदेश दिया, वहीं छोटी सादड़ी पंचायत समिति के पूर्व उप प्रधान विक्रम आंजना ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

### जनप्रतिनिधियों और युवाओं की गरिमामयी उपस्थिति

शिविर में निंबाहेड़ा नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा, क्रय विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष गोपाल आंजना, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम झंवर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष भोपराज टांक, संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ कोषाध्यक्ष मनोज पारख, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, जिला फुटबॉल संघ उपाध्यक्ष रामकिशन चौधरी, जिला क्रीड़ा परिषद के पूर्व सदस्य मुकेश पारख, गंगरार पंचायत समिति के पूर्व प्रधान रविन्द्र सिंह राणावत, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोमिल चौधरी, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष बलवंत जाट, छोटी सादड़ी युवा कांग्रेस अध्यक्ष अशोक गुर्जर, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष पिंकेश जैन, कमलेश धाकड़, विक्रम अहीर, गुलाब धाकड़, पूर्व सरपंच रामेश्वर लाल शर्मा,पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पंकज शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

इसके साथ ही विधानसभा एनएसयूआई अध्यक्ष दीपक धाकड़, ब्लॉक एनएसयूआई अध्यक्ष भंवर सिंह शक्तावत, नगर एनएसयूआई अध्यक्ष राहुल सेन, जिला उपाध्यक्ष विक्रम अहीर, महासचिव अनिल प्रजापत, सचिव आदित्य पहाड़िया, पूर्व एनएसयूआई अध्यक्ष रोहित जाजू, उपाध्यक्ष राघव लड्डा सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता, युवा एवं आमजन मौजूद रहे।

### रक्त की कमी दूर करने का सार्थक प्रयास

एनएसयूआई परिवार निंबाहेड़ा द्वारा आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य गर्मी के मौसम में अस्पतालों में उत्पन्न होने वाली रक्त की कमी को दूर करना तथा जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना रहा। आयोजकों ने बताया कि गर्मी के दिनों में रक्तदाताओं की संख्या में कमी आ जाती है, जिससे अस्पतालों में रक्त भंडारण प्रभावित होता है। ऐसे में इस प्रकार के शिविर समाजसेवा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### विशेषज्ञ टीम की देखरेख में सुरक्षित रक्त संग्रहण

इस शिविर में 108 यूनिट रक्त संग्रहण का कार्य श्री सांवरियाजी राजकीय सामान्य चिकित्सालय की टीम द्वारा डॉ रोहित कुमार धाकड़ के नेतृत्व में वरिष्ठ तकनीकी सहायक सोहन लाल नायक, सरफराज मेव, मोइन खान,मिट्ठू लाल धाकड़, कुलदीप सिंह बडवा, भगवती लाल जोशी, भानु मंगल, सीमा लुहार, एवं जिला चिकित्सालय निंबाहेड़ा के लोकेश शर्मा ने सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम ने रक्तदाताओं की पूरी जांच एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए सुरक्षित प्रक्रिया के साथ रक्त संग्रह किया।

### 'रक्तदान महादान' का संदेश

शिविर के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं एवं आयोजकों ने 'रक्तदान महादान' का संदेश देते हुए आमजन से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने बताया कि रक्तदान एक सुरक्षित प्रक्रिया है, जिससे शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, बल्कि नए रक्त का निर्माण होता है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में सहायक सिद्ध हो सकता है।

### सामाजिक सरोकार और सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण

यह आयोजन केवल एक रक्तदान शिविर नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकार, मानवता और सेवा भावना का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने में नई पीढ़ी अग्रणी भूमिका निभा रही है।

### नागरिकों से आह्वान

अंत में एनएसयूआई परिवार निंबाहेड़ा ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे ऐसे पुनीत कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें और मानवता की सेवा में अपना योगदान देकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। निंबाहेड़ा में आयोजित यह रक्तदान शिविर सेवा, समर्पण और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बनकर उभरा, जिसमें 108 यूनिट रक्तदान के माध्यम से अनेक जिंदगियों को बचाने की दिशा में सार्थक पहल की गई।

# गृहमंत्री अमित शाह ने वॉइस ऑफ जीतो के विशेष संस्करण का किया अनावरण

स्मार्ट हलचल | उदयपुर



नई दिल्ली में आयोजित विश्व नवकार महामंत्र दिवस 2.0 के ऐतिहासिक आयोजन में उदयपुर के महावीर चपलोत ने जीतो एपेक्स के सेक्रेटरी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए इस वैश्विक आध्यात्मिक अभियान को सफल नेतृत्व प्रदान किया। 130+ देशों और 6000+ स्थानों पर आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 3 करोड़ लोगों ने नवकार मंत्र का सामूहिक जाप कर विश्व शांति, एकता और सद्भाव का संदेश दिया। दिल्ली के प्रतिष्ठित विज्ञान भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का गरिमामय स्वागत किया गया। गृहमंत्री अमित शाह ने वॉइस ऑफ जीतो के विशेष संस्करण का भव्य अनावरण किया गया, जो इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा। इस अवसर पर महावीर चपलोत की सक्रिय भूमिका और नेतृत्व विशेष रूप से सराहनीय रहा। जीतो के मार्गदर्शन में यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करने वाला बना, बल्कि वैश्विक स्तर पर एकता और मानवता के मूल्यों को सुदृढ़ करने वाला ऐतिहासिक प्रयास सिद्ध हुआ। उदयपुर में आयोजित कार्यक्रम की सर्वत्र सराहना हुई, जहां 10,000 से अधिक लोगों ने अत्यंत अनुशासित और संगठित रूप से एक स्वर में नवकार मंत्र का जाप किया। इस अवसर पर पृथ्वीराज, महावीर चपलोत, राजकुमार फत्तावत, हिमांशु, विजय, ललित, यशवंत आंचलिया एवं अभिषेक संचेती के संयुक्त नेतृत्व और मार्गदर्शन में यह आयोजन उत्कृष्ट प्रबंधन, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक बनकर उभरा, जिसकी सभी वरिष्ठजनों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

# श्री परशुराम जन्मोत्सव के क्रार्यक्रमों के निमंत्रण पत्र एवं पोस्टर विमोचन



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

विप्र फाउंडेशन उदयपुर द्वारा विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ के मुख्य संयोजन में भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 16 से 20 अप्रैल तक उदयपुर में आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रमों के निमंत्रण पत्रक एवं पोस्टर का विमोचन गुरुवार को शाम 4:30 बजे श्री बोहरा गणेश जी मंदिर प्रांगण में किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र पालीवाल ने बताया कि महिला प्रकोष्ठ के संयोजक में आज सर्वप्रथम प्रथम पूज्य श्री बोहरा गणेश जी को निमंत्रण पत्र के साथ श्रीफल, पीले चावल एवं प्रसाद अर्पित करके पांच दिवसीय कार्यक्रमों की निर्विघ्न सफलता हेतु मंगलकामना की गई।

इस अवसर पर महिला शिक्षा एवं उत्पीड़न प्रकोष्ठ की प्रदेश संयोजक अर्चना शर्मा ने उपस्थित समाज के सभी महानुभावों, महिलाओं एवं युवाओं से इन कार्यक्रमों में अधिकाधिक सहभागिता प्रदान करने हेतु आग्रह किया, विशेष रूप से ब्राह्मण समाज के प्रत्येक घर से महिलाएं इस कार्यक्रम में सम्मिलित हो, इस हेतु आव्हान किया। प्रदेश संरक्षक कुसुम शर्मा ने सभी महिला पदाधिकारियां से घर-घर जाकर पत्रक एवं पीले चावल बॉट कर अधिक से अधिक महिलाओं को भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रमों से जोड़ने का आग्रह किया।

इस अवसर पर विप्र फाउण्डेशन के राष्ट्रीय संरक्षक धर्मनारायण जोशी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री के. के. शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ नरेन्द्र पालीवाल, प्रदेश महामंत्री राकेश जोशी, दुर्गेश शर्मा, सुभाष नागला, विजयप्रकाश विप्लवी, हिम्मत नागदा, पंकज जोशी, कैलाश आचार्य, केसुलाल शर्मा, अनिल पचैरी, भरत जोशी, हरीश शर्मा, नीलेश चैबीसा, हरीशंकर तिवारी, लोकेश जोशी, रणजीत शाकद्वीपीय, राजेश पालीवाल, मगन जोशी, नीरज नागदा, महिला प्रकोष्ठ से संगीता व्यास, चित्रा मेनारिया, मीना पालीवाल, तुलसी नागदा, मीना शर्मा, सुमित्रा आचार्य, निशा शर्मा, बबीता शर्मा, हेमलता नागदा, सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लक्ष्मीनारायण ठाकुर जी मंदिर का पाटोत्सव संपन्न, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ ध्वजा परिवर्तन



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

उदयपुर जिले के गांव पाणुन्द स्थित औदिच्य ब्राह्मण समाज के लक्ष्मीनारायण ठाकुर जी मंदिर में गुरुवार को ध्वजा परिवर्तन एवं पाटोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया।

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष लक्ष्मीलाल डूंगावत ने बताया कि प्रातःकाल ठाकुर जी का विधिवत पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके पश्चात सुबह 10 बजे मंदिर परिसर में पंडित गणेशलाल चौबीसा व नारायणलाल हिरावत द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन एवं पूर्णाहुति संपन्न हुई।

हवन में मुख्य यजमान प्रेमशंकर गोंदावत, गणेशलाल गोंदावत, रतनलाल गोंदावत, प्रकाशचंद रतनलाल हिरावत, जगदीश डुंगावत, तुलसीराम डूंगावत, मोहनलाल व्यास, शंकर जीवावत, वतगराम गोंदावत व शंकर सेवक जावद ने बोली लेकर यज्ञ में आहुतियां दी। दोपहर 12.15 बजे मंदिर शिखर पर ध्वजा परिवर्तन का शुभ कार्य बोली लेकर हीरालाल औदिच्य जावद द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में समाज के नोहरे में पार्वती देवी, हीरालाल औदिच्य जावद के सौजन्य से महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज बंधुओं ने भाग लिया। पूरे आयोजन के बाद लक्ष्मीनारायण मंदिर ट्रस्ट की और से समाजजन का स्वागत किया गया। इस दौरान औदिच्य समाज के समाजजन मौजूद रहे।

# भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार: पोस्टर विमोचन के साथ दक्षिणी प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन को मिली जिम्मेदारी

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा




शहर में आगामी 19 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों ने अब गति पकड़ ली है। इसी क्रम में गुरुवार को गांधी नगर स्थित श्री निंबार्क आश्रम में पूज्य महंत श्री मोहन शरण जी शास्त्री के सानिध्य में एक महत्वपूर्ण बैठक एवं पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विधिवत विमोचन किया गया। महंत श्री मोहन शरण जी शास्त्री ने दक्षिणी प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन को आगामी 19 अप्रैल को होने वाले मुख्य आयोजन की व्यवस्थाओं हेतु आमंत्रित करते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने का आग्रह किया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राघव कोठारी सहित युवा साथियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। बैठक में शोभायात्रा, भजन कार्यक्रम, स्वागत व्यवस्था, पंजीयन, मंच संचालन, और अतिथि समन्वय सहित समस्त व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

महंत श्री मोहन शरण जी शास्त्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज में समरसता, सादगी एवं सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है और इसे सफल बनाना हम सभी का साझा दायित्व है। प्रदेश अध्यक्ष राघव कोठारी ने दक्षिणी प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन की ओर से आश्वस्त किया कि संगठन पूर्ण समर्पण, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ आयोजन को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान राकेश जी शर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर नीलम जी शर्मा, कैलाश अरोड़ा, ओम सेन, गोपाल शर्मा, जगदीश जी लड्डा (पूर्व प्रदेश महामंत्री), रमेश जी मूंदड़ा, प्रमोद जी डाड, आशीष झवर, जय बांगड़, रवि सोडाणी सहित राघव पाराशर, ललित देवनानी व समिति के सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान सेवा, भक्ति एवं सामाजिक एकता का वातावरण देखने को मिला तथा सभी ने एकजुट होकर आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन सृजन शाखा का अजमेर में हुआ शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

## नई कार्यकारिणी ने समाज सेवा व महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पण का लिया संकल्प

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन सृजन शाखा द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन अजमेर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राठी, औरंगाबाद, राष्ट्रीय सचिव बबीता दीदी कोलकाता व राजस्थान अध्यक्ष अंबिका हैड़ा सहित कई पदाधिकारियों के सानिध्य में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के दौरान नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं उनकी टीम ने संस्था के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने, समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जरूरतमंदों की सहायता के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर देशभर से आई महिला प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। साथ ही इस दौरान अजमेर शाखा के आतिथ्य में राजस्थान प्रादेशिक मारवाड़ी महिला सम्मेलन की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन, गणेश वंदना, ओम के उच्चारण और ठाकुर जी के विशेष अभिषेक के साथ किया गया। भीलवाड़ा से तकनीकी प्रमुख के पद पर सृजन शाखा अध्यक्ष समीक्षा विजय ने शपथ ली और शाखा के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने और निरंतर प्रगति करने का संकल्प लिया। सृजन शाखा भीलवाड़ा से पुष्पा विजयवर्गीय, सौदामिनी विजयवर्गीय, रेखा अजलोदिया, शकुंतला कोठारी, रूपाली विजयवर्गीय ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। राजस्थान की 30 शाखा से 300 महिलाओं में से 40 महिलाओं को प्रादेशिक शाखा में सम्मिलित करते हुए भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के संविधान की शपथ दिलाई।

# अड्डा के राजकीय स्कूल में शिक्षकों की कमी होने से पढ़ाई बाधित

स्मार्ट हलचल | सूरौठ

गांव अड्डा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों के पद रिक्त होने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है। इस संबंध में अखिल भारतीय गुर्जर देव सेना के राष्ट्रीय महासचिव नरोत्तम सिंह तंवर एवं अन्य ग्रामीणों ने राज्य के शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर स्कूल में अध्यापकों की नियुक्ति करवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि कक्षा 1 से 8 तक संचालित इस स्कूल में मात्र दो शिक्षक नियुक्त हैं। इनमें से भी एक शिक्षक बीएलओ कार्यों में व्यस्त रहते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले एक वर्ष से मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को अवगत कराने के बावजूद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीणों ने जल्द ही राजकीय स्कूल में पर्याप्त अध्यापकों की नियुक्ति करवाने की मांग की है।

# स्थापना दिवस पर प्रकृति की सेवा करना संगठन के सकारात्मक दृष्टिकोण को दर्शाता है: रितेश गुर्जर

## एनएसयूआई स्थापना दिवस, छात्र शक्ति ने लिया पौधों की देखभाल और प्रकृति संरक्षण का संकल्प, रोपे 21 पौधे



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आज भीलवाड़ा क्षेत्र में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएसयूआई प्रदेश सचिव पूरण गाडरी एवं यूथ कांग्रेस के पूर्व मांडल विधानसभा महासचिव विजेश खटीक के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानों पर कुल 21 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष रितेश गुर्जर उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। स्थापना दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर प्रकृति की सेवा करना संगठन के सकारात्मक दृष्टिकोण को दर्शाता है। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। यूथ कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष बनवारी गाडरी ने बताया कि कार्यक्रम में मौजूद सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने न केवल पौधारोपण किया, बल्कि इन पौधों के बड़े होने तक उनकी नियमित देखभाल करने का सामूहिक संकल्प भी लिया। स्थापना दिवस के इस सेवा कार्यक्रम में लोकेश खटीक, दिनेश, धर्मराज, किशन, संजय, पवन, निखिल, नीलेश सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। अंत में भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक और पर्यावरण हितैषी कार्य निरंतर जारी रखने का निर्णय लिया गया।

# बानोड़ा बालाजी के सान्निध्य में शुरू होगा पंचकुण्डीय महायज्ञ, 12 अप्रैल से गूंजेंगे वेद मंत्र

## कलश यात्रा के साथ विराजेंगे चार भुजानाथ, तैयारियों में जुटे ग्रामीण

स्मार्ट हलचल





**लाडपुरा।** क्षेत्र के प्रसिद्ध त्रिवेणी संगम महादेव मंदिर पर श्री बनोड़ा बालाजी के आचार्य तत्व में पांच कुंडिय यज्ञ का आयोजन शिव त्रिवेणी संगम मंदिर पर 13 अप्रैल सोमवार से भक्ति और आस्था का महाकुंभ शुरू होने जा रहा है। बनोड़ा बालाजी सेवा मंडल एवं शिव त्रिवेणी संगम मंदिर सेवा समिति के समस्त क्षेत्र वासियों के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन 13 से 17 अप्रैल तक होगा।

बानोड़ा बालाजी के आचार्यत्व एवं शेषावतार कल्लाजी महाराज के पावन सान्निध्य में यहाँ पंच दिवसीय पंचकुण्डात्मक महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। 12 अप्रैल को विशाल कलश यात्रा एवं चारभुजा नाथ के बेवाण का आगमन होगा। इसी के साथ बानोड़ा बालाजी कैलाशचन्द्र शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार से महोत्सव का विधिवत शुभारंभ होगा।

### चार भुजानाथ के बेवाण का आगमन

महायज्ञ के दौरान चारभुजानाथ का बेवाण विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। रविवार को आस पास के गांवों से श्रद्धालु भगवान चारभुजानाथ के बेवाण को धूम धड़ाके और भजन-कीर्तन के साथ शोभायात्रा के रूप में मंदिर लाएंगे। अगले पांच दिनों तक भगवान का बेवाण यज्ञ मंडप में ही विराजेगा, जहाँ उनकी नित्य पूजा-अर्चना होगी।

### तैयारियां पूर्ण, गूंजेंगे भजन

मंदिर विकास एवं प्रबंध संस्थान ने बताया कि यज्ञ मंडप का कार्य पूर्ण हो चुका है। आयोजन को सफल बनाने के लिए समस्त ग्रामवासी तैयारियों में जुटे हैं। प्रतिदिन शाम 8 बजे विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। महायज्ञ की पूर्णाहूति 17 अप्रैल तक प्रस्तावित है, जिसमें विश्व कल्याण की कामना के साथ आहुतियां दी जाएंगी। 17 अप्रैल को चारभुजा नाथ एवं यज्ञ लक्ष्मी का विराट पानीग्रहण संस्कार मंगल फेरे का आयोजन दोपहर 2:15 से होगा। यज्ञ स्थल पर देवी-देवताओं की मनमोहक इलेक्ट्रॉनिक झांकी का प्रदर्शन प्रतिदिन होगा। महायज्ञ स्थल पर बनोड़ा बालाजी महाराज के दिव्य रथ का आवागमन हो चुका है, प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना के साथ दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का ताता लगा हुआ है।

# एनजीटी के आदेश पर काटली नदी बहाव क्षेत्र में सीमांकन के साथ दो माह में हटेंगे सभी अतिक्रमण जल निकायों कि की जाएगी रक्षा-कश्यप

स्मार्ट हलचल। टोंक

राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के आदेश पर अब काटली नदी बहाव क्षेत्र का दो माह की समय अवधि में सीमांकन कर सभी अतिक्रमणों को हटा कर जल निकायों की रक्षा की जाएगी।

शेखावाटी की जल जीवन दायिनी काटली नदी के संरक्षण एवम संवर्द्धन हेतु सरस्वती रूरल एन्ड अरबन डवलपमेंट झुंझुनूं की ओर से 'काटली नदी बचाओ जन अभियान' सयोंजक सुभाष कश्यप के अनुसार एनजीटी (राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण) में यह निष्पादन आवेदन मूल आवेदन प्रकरण संख्या 59/2024 में दिनांक 12 अगस्त 2024 अमित कुमार कैलाश मीणा बनाम राज्य व अन्य के आदेश को लागू करने के लिए दायर किया गया था उक्त निष्पादन आवेदन में दिनांक 7 अप्रैल 2026 को न्यायाधिकरण ने आदेश पारित कर काटली नदी को पुनर्जीवित करने हेतु आदेश दिए हैं।

एनजीटी ने पिछले आदेश में जल संसाधन विभाग को जिला प्रशासन और राजस्व विभाग के सहयोग से नदी तल की पहचान करने,रिपोर्ट प्रकाशित करने और अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। पाकिस्तान व भारत के बीच आपरेशन सिंदूर के समय रद्द हुए सिंधु जल समझौते का शेष जल अब राजस्थान की काटली नदी सहित अन्य नदियों में लाने हेतु काटली नदी बचाओ जन अभियान सयोंजक सुभाष कश्यप द्वारा नदी को पुनर्जीवित करने हेतु जन अभियान चलाया जा रहा है जिस पर राजस्थान सरकार ने कार्यवाही करते हुए नदी क्षेत्र का ड्रोन सर्वे भी करवाया है। एनजीटी, भारत सरकार, राजस्थान सरकार व जन मानस की मंशा अनुसार अब यह नदी पुनर्जीवित होने की ओर है

### मामले की पृष्ठभूमि

प्रकरणः यह निष्पादन आवेदन मूल आवेदन संख्या 59/2024 में दिए गए 12 अगस्त, 2024 के



आदेश को लागू करने के लिए दायर किया गया था।

मुख्य निर्देशः पिछले आदेश में जल संसाधन विभाग को जिला प्रशासन और राजस्व विभाग के सहयोग से नदी तल की पहचान करने, रिपोर्ट प्रकाशित करने और अतिक्रमणों को हटाने का निर्देश दिया गया था। अब एनजीटी न्यायधीश व न्यायायिक सदस्य शिव कुमार सिंह एवम विशेषज्ञ सदस्य डॉ. प्रशांत गर्गव ने पुनः महत्वपूर्ण आदेश पारित कर सीकर झुंझुनूं व चूरु की जल जीवन रेखा काटली नदी को बचाने का मार्ग प्रसस्त किया है।

### विभिन्न तहसीलों में की गई कार्रवाई

राजस्थान राज्य सरकार और जल संसाधन विभाग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

तहसील उदयपुरवाटीः ग्राम बागोली और काटलीपुरा में पहचाने गए सभी 34 अतिक्रमणों को हटा दिया गया है। इसमें 13 दुकानें और 1 पक्का मकान शामिल था, जिन्हें 11 दिसंबर, 2025 को पुलिस सहायता से हटाया गया।

तहसील झुंझुनूः ग्राम भादुंडा कलां के विभिन्न खसरा नंबरों से 12 दिसंबर, 2025 को तारबंदी और कच्चे-पक्के निर्माण हटाए गए। तहसील गुढ़ा गौड़जीः यहाँ कुल 108 अतिक्रमणों में से 95 को हटा दिया गया है। 81 मामलों में खड़ी फसलों की नीलामी करके बेदखली की गई।

तहसील चिड़ावाः 20 अतिक्रमणों की पहचान की गई है और राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 91 के तहत कार्रवाई शुरू की गई है। इनका भौतिक निष्कासन 27 फरवरी, 2026 के लिए निर्धारित किया गया था।

तहसील हमीरवास बड़ा (चूरू): 5 दिसंबर, 2025 को ग्राम बुढवास में तारबंदी और बाड़ जैसे अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया गया।

तहसील खेतड़ीः जाँच के दौरान इस तहसील में काटली नदी के बहाव क्षेत्र में कोई अवैध अतिक्रमण नहीं पाया गया। पुनर्वास और शेष चुनौतियाँ कालवेलिया/बंजारा समुदायः गुढ़ा गौड़जी तहसील के ग्राम खटकड़ और भाटीवाड़ में 13 अतिक्रमण अभी शेष हैं, क्योंकि ये कालबेलिया और बंजारा समुदायों के रिहायशी मकान हैं।

स्थगनः प्रशासन उनके लिए वैकल्पिक पुनर्वास की व्यवस्था कर रहा है, जिसके पूरा होते ही इन्हें हटा दिया जाएगा।

### अदालत का अंतिम निर्णय

समय सीमाः राज्य सरकार के वकील ने आश्वासन दिया कि शेष सभी अतिक्रमणों को दो महीने के भीतर हटा दिया जाएगा।

निर्देशः ट्रिब्यूनल ने अधिकारियों को आदेश दिया कि वे नदी के बहाव क्षेत्र का सीमांकन करें, पहचान सुनिश्चित करें और दो महीने के भीतर जल निकायों की रक्षा करें।

निस्तारणः इन निर्देशों के साथ निष्पादन आवेदन को निस्तारित कर दिया गया है।

# पोरवाल समाज में वर्षीतप करने वाले साधकों स्वागत अभिनंदन



स्मार्ट हलचल

**नगर फोर्ट।** उनियारा सकल पोरवाल समाज में वर्षीतप करने वाले साधकों का चंदन बाला भवन शहर सवाई माधोपुर में श्री पोरवाल संघ समिति क्षेत्र सवाई माधोपुर के तत्वावधान में राष्ट्रीय पोरवाल महिला मंडल द्वारा सम्मान किया गया जिसमे कोटा जयपुर सवाई माधोपुर एवं आसपास क्षेत्र सहित अनेक स्थानों से तपस्वी पधारे। महिला मंडल महामंत्री डॉ रेखा जैन आयंबिल ओर कोषाध्यक्ष सुरेखा जैन का भी उपवास के वर्षीतप साधिका के रूप में सम्मान किया गया।पोरवाल समाज के बैनर तले पहली बार सकल समाज का सामूहिक वर्षीतप सम्मान राष्ट्रीय पोरवाल महिला मंडल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रमण संघीय साध्वी श्री धैर्यप्रभा जी म सा आदि ठाणा ने जैनधर्म में तप का महत्व ओर इसकी शुरुआत होने की संपूर्ण जानकारी दी। संपूर्ण नगरपरिषद सहित आसपास क्षेत्र से पांच सौ से भी अधिक महिलाओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगाए और सामूहिक चौबीसी गायन से तपस्वियों के तप की खूब खूब अनुमोदना की।समारोह की सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष विमला जैन महामंत्री डॉ रेखा जैन ने पोरवाल संघ कार्यालय मंत्री महेन्द्र जैन चोरू,महिला मंडल कार्यालय मंत्री चित्रा जैन,रुचि जैन सहित सभी सदस्यों का धन्यवाद व्यक्त किया।

# श्रम विभाग का कर्मचारी बनकर ठगी करने वाला गिरोह सक्रिय, विभाग ने जारी की एडवायजरी

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** शहर और आस-पास के क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से श्रमिकों को निशाना बनाने वाला एक नया गिरोह सक्रिय हुआ है। ये जालसाज खुद को श्रम विभाग का कर्मचारी बताकर श्रमिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का झांसा देते हैं और उनसे पैसों की ठगी कर रहे हैं।

### योजनाओं के नाम पर मांग रहे रिश्वत

जानकारी के अनुसार, अज्ञात




ठग श्रमिकों को फोन कर कहते हैं कि उनकी कल्याणकारी योजनाओं की फाइल स्वीकृत हो गई है या लाभ मिलने वाला है। इसके बदले में वे 'सुविधा शुल्क' या रिश्वत के रूप में मोटी रकम की मांग करते हैं। कई मासूम और जरूरतमंद श्रमिक सहायता राशि की आस में इन ठगों के झांसे में आकर ऑनलाइन पैसे भी ट्रांसफर कर चुके हैं।

### विभाग ने कहा - 'हम कभी फोन नहीं करते'

मामले की गंभीरता को देखते हुए विभाग ने स्पष्ट किया है कि श्रम विभाग द्वारा कभी भी किसी श्रमिक को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए फोन नहीं किया जाता है। ऐसे सभी कॉल पूरी तरह से फर्जी और धोखाधड़ी के उद्देश्य से किए जा रहे हैं।

किसी के बहकावे में न आएंः विभाग ने अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल पर विश्वास न करें और न ही किसी को पैसे भेजें। सीधे कार्यालय से करें संपर्कः योजनाओं के संबंध में किसी भी प्रकार की पूछताछ या जानकारी के लिए श्रमिक सीधे श्रम कल्याण अधिकारी कार्यालय, कॉलेज रोड, जयमंदिर सिनेमा के पास, ब्यावर में जाकर संपर्क करें। सतर्कता ही बचाव हैः अपनी बैंक संबंधी जानकारी या ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। यदि आपके पास भी ऐसा कोई संदिग्ध कॉल आता है, तो उसकी सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या संबंधित अधिकारियों को दें।

# स्विफ्ट कार से अवैध शराब तस्करी कर रहे दो तस्कर गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल। ब्यावर

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध मादक पदार्थों और शराब तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक स्विफ्ट कार से 08 पेटी अवैध देशी शराब और बीयर बरामद की है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर परिवहन में प्रयुक्त वाहन को जब्त कर लिया गया है।

### नाकाबंदी देख तस्करों में मचा हड़कंप

पुलिस के अनुसार, अजमेर रेंज आईजी राजेन्द्र सिंह और ब्यावर



एसपी रतन सिंह के निर्देशानुसार अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जिले में कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में 8 अप्रैल 2026 को थानाधिकारी पन्नालाल (उप-निरीक्षक) के नेतृत्व में गठित टीम ने कानुजा सरहद पर नाकाबंदी की थी। मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर जब पुलिस ने संदिग्ध स्विफ्ट कार को रुकवाकर तलाशी ली, तो गाड़ी के अंदर छिपाकर रखी गई 08 कार्टन अवैध शराब बरामद हुई।

### शराब की खेप और आरोपी

बरामद शराब में 144 पव्वे 'हीर रांझा' देशी मदिरा और 60 बोतल 'किंगफिशर स्ट्रॉन्ग' बीयर शामिल है, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत करीब 20,000 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया हैः

घनश्याम सिंह (निवासीः गंगा कॉलोनी, ब्यावर) 2. रोशन सिंह (निवासीः नुन्दरी मालदेव, ब्यावर)

### आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 19/54 के तहत प्रकरण संख्या 56/2024 दर्ज किया है। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि शराब की यह खेप कहाँ से लाई गई थी और इसे कहाँ सप्लाई किया जाना था।

कार्यवाही टीमः इस सफल ऑपरेशन में थानाधिकारी पन्नालाल के साथ एएसआई महेन्द्र कुमार, कांस्टेबल गिरधारी, घनश्याम, महिपाल, गणेशराम और कमल की मुख्य भूमिका रही।

# आसलपुर धाणी बोराज में घर-घर पहुंचा विप्रोत्सव का निमंत्रण, दिये पीले चावल



स्मार्ट हलचल

**आसलपुर धाणी बोराज।** सांभर क्षेत्र में 12 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले भव्य विप्रोत्सव को लेकर गांव-गांव में उत्साह चरम पर है। इसी कड़ी में आसलपुर धाणी बोराज में ग्रामीणों ने अनोखी परंपरा निभाते हुए घर-घर जाकर पीले चावल (न्योता) बांटकर लोगों को कार्यक्रम में ससम्मान आमंत्रित किया।

ग्रामीणों की टोली ने पूरे गांव में घूमकर हर घर तक पहुंच बनाई और सभी से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया। इस पहल को ग्रामीणों ने बेहद सराहा और उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लेने का आश्वासन दिया।समाज के वरिष्ठजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं राधेश्याम शर्मा (पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष), सत्यनारायण श्रीमाली (राष्ट्रीय अध्यक्ष, विप्र फाउंडेशन) एवं दिल्ली के प्रसिद्ध हास्य कवि पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा सहित कई विशिष्ट अतिथि अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

कार्यक्रम के आयोजक कुलदीप व्यास ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता, संगठन और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करना है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

निमंत्रण अभियान में विक्की शर्मा, धर्मेन्द्र गौड़, हरिदास शर्मा, बसंत जोशी, रघुनंदन शर्मा, मुकेश शर्मा, अनिल शर्मा, अक्षय शर्मा सहित अनेक युवाओं और ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

पूरे क्षेत्र में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है और तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

# ज्वैलरी शॉप में हुई चोरी का हुआ पर्दाफाशः पेशेवर अंतरराज्यीय बावरी गैंग के तीन चोर गिरफ्तार

### घटना के 40 महीने बाद आरपीएस अधिकारी नरेश कुमार चनेजा ने कड़ी मेहनत से सुलझाई वारदात, सात किलोग्राम चांदी बरामद

स्मार्ट हलचल

**जुरहरा।** क़स्बे में 27 दिसम्बर 2022 को सुबह चार बजे सर्राफा व्यापारी महेन्द्र कुमार जैन के ज्वेलरी शोरूम में हुई बहुचर्चित चोरी की घटना का गुरुवार को जुरहरा थाना पुलिस के द्वारा खुलासा करते हुए चोरी की वारदात में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है साथ ही पुलिस टीम के द्वारा सात किलोग्राम चांदी को बरामद किया गया है। उक्त वारदात को 40 महीने के बाद आरपीएस अधिकारी नरेश कुमार चनेजा व उनकी टीम के द्वारा गहनता से काम करते हुए करीब पांच हजार किलोमीटर की सड़क यात्रा करते हुए चोरी की वारदात का पर्दाफाश करने में सफलता प्राप्त की है।

क्या था पूरा मामला- दिनांक 27.12.2022 को जुरहरा कस्बे के सर्राफा बाजार में महेन्द्र जैन की ज्वैलरी शॉप में 06 नकाबपोश चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था जिसमें मुताबिक एफआईआर 90-95 किलोग्राम चांदी और 450 ग्राम सोने के आभूषणों की चोरी की गई थी। जिस पर पुलिस थाना जुरहरा



में प्रकरण संख्या 0366/2022 धारा 457, 380 भा.दं.सं. में मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद पुलिस द्वारा माल व मुलजिमान की काफी तलाश की गई लेकिन पुलिस को कोई सफलता नहीं मिल पाई।

और मामले को बंद कर दिया गया लेकिन हाल ही में जिला पुलिस अधीक्षक डीग श्रीशरण गोपीनाथ के. के निर्देशन में नरेश कुमार चनेजा आर.पी.एस. अधिकारी (प्रो.) पुलिस थाना जुरहरा को उक्त मामले को सौंपा गया जिसमें आर.पी.एस. (प्रो) नरेश कुमार चनेजा द्वारा चोरी के घटनास्थल का बारीकी से अवलोकन किया गया और घटना के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की शारीरिक बनावट (कद-काठी), चलने का तरीका एवं चोरी करने के तौर-तरीकों का गहनता एवं बारीकी से विश्लेषण किया गया। विश्लेषण के आधार पर उन्होंने पेशेवर अंतरराज्यीय बावरी गैंग की पहचान की। अंतरराज्यीय बावरी गैंग के ठिकानों एवं फरारी काटने के स्थानों को चिन्हित किया गया एवं उनकी रैकी की गई। पेशेवर अंतरराज्यीय बावरी चोर गैंग की कार्यप्रणाली एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि से संबंधित सभी जानकारी जुटाई गई। उन जानकारीयों एवं पूर्व में बावरी गैंग द्वारा अन्य राज्यों में अंजाम दी गई चोरी की घटनाओं का गहनता से विश्लेषण किया गया एवं साक्ष्य एकत्रित किए गए। पेशेवर अंतरराज्यीय बावरी चोर गैंग के सक्रिय सदस्यों की जानकारी तकनीकी एवं स्थानीय मुखबिर तंत्र के आधार पर एकत्रित की गई। चोरी में शामिल एक आरोपी को हाथ में पहने हुए कड़े के आधार पर चिन्हित किया गया। आरोपियों की गतिविधियों को लगातार ट्रैक किया गया। तकनीकी सहायता, स्थानीय मुखबिर तंत्र, संदिग्ध के स्कैच आदि के आधार पर तथा नूंह चोरी की घटना के आरोपी से पूछताछ के आधार पर जुरहरा में ज्वैलरी शॉप में हुई चोरी की घटना में शामिल बावरी गैंग के सभी सदस्यों की पहचान की गई है। आरोपियों की सीसीटीवी फुटेज उनके पारिवारिक सदस्यों को दिखाई गई जिसने पूर्व में की गई आरोपियों की पहचान को सत्यापित किया। उक्त मामले में जांच के दौरान आर.पी.एस (प्रो.) नरेश कुमार चनेजा ने अपनी टीम के साथ करीब 5000 किलोमीटर से भी अधिक दूरी तय कर बावरी गैंग के ठिकानों एवं फरारी काटने के स्थानों पर दबिश दी एवं औरैया (उत्तर प्रदेश) से दीपक उर्फ दीपू पुत्र मदन बावरी को गिरफ्तार किया वहीं घटना के 02 अन्य आरोपियों आर्य सिंह उर्फ भारत पुत्र वीरेन्द्र बावरी एवं यादराम बावरी पुत्र रामलाल बावरी को प्रोटेक्शन वारंट पर गिरफतार किया और उनसे सात किलोग्राम चांदी भी बरामद की गई है। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले में लिप्त अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफतार किया जावेगा और उनसे माल बरामदगी की प्रक्रिया की जावेगी।

उक्त मामले का पर्दाफाश करने में जहां आरपीएस अधिकारी नरेश कुमार चनेजा की मुख्य भूमिका रही वहीं उनकी टीम में एएसआई रणजीत सिंह पुलिस थाना जुरहरा, कांस्टेबल जयपाल सिंह पुलिस थाना जुरहरा, डीएसटी से प्रभारी वीरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल रामवीर, कांस्टेबल परसराम, सायबर सैल जिला ड़ीग से कांस्टेबल नेतराम व कांस्टेबल नरेश कुमार शामिल रहे। जिन्होंने कड़ी मेहनत व मशक्कत के बाद चोरी की बड़ी घटना का खुलासा करने में सफलता पाई है।

चोरी की वारदात का खुलासा होने की खबर मिलते ही क़स्बे के व्यापारियों ने साफा बांधकर आरपीएस अधिकारी नरेश कुमार चनेजा, एएसआई रणजीत सिंह व उनकी टीम का स्वागत-सम्मान करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया गया।

# ब्यावरः पशुपालकों के लिए 'कामधेनु' बनीं सरकारी योजनाएं, घर बैठे मिल रहा मुफ्त इलाज

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजस्थान सरकार द्वारा पशुपालकों की आर्थिक उन्नति और पशुधन के संरक्षण के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं अब धरातल पर वरदान साबित हो रही हैं। ब्यावर पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. विश्वास कुमार ने बताया कि विभाग की प्राथमिकताओं में न केवल पशुओं का उपचार है, बल्कि पशुपालकों को जोखिम से बचाना भी शामिल है।

### एक कॉल पर आपके द्वार पहुंचेगी 'मोबाइल वेटरनिरी वैन'

डॉ. कुमार ने विशेष जोर देते हुए बताया कि टोल-फ्री नंबर 1962 पशुपालकों के लिए जीवनरक्षक सिद्ध हो रहा है। इस नंबर पर कॉल करते ही जयपुर कंट्रोल रूम के जरिए



नजदीकी मोबाइल वेटरनिरी यूनिट सक्रिय हो जाती है। डॉक्टर, सहायक और दवाओं से लैस यह वैन सीधे पशुपालक के घर पहुँचती है और बीमार पशु का मौके पर ही निःशुल्क उपचार करती है।

### मुफ्त दवा और 8 गंभीर बीमारियों का टीकाकरण

राज्य सरकार की 'पशुधन निःशुल्क आरोग्य योजना' के अंतर्गत अब अस्पतालों में दवा के लिए जेब ढीली नहीं करनी होगी। प्राथमिक उपचार से लेकर शल्य चिकित्सा (सर्जरी) तक की दवाएं मुफ्त हैं। साथ ही, विभाग द्वारा घर-घर जाकर खुरपका-मुंहपका और लंगड़ा बुखार जैसी 8 गंभीर बीमारियों के विरुद्ध मुफ्त टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। अपील : डॉ. कुमार ने पशुपालकों से आग्रह किया है कि वे टीकाकरण के दौरान विभागीय कर्मियों को ओटीपी जरूर दें, ताकि ऑनलाइन पंजीकरण सुनिश्चित हो सके।

### मंगला पशु बीमा योजनाः मृत्यु पर 40,000 की आर्थिक सुरक्षा

पशुपालकों को बड़े आर्थिक नुकसान से बचाने के लिए 'मंगला पशु बीमा योजना' प्रभावी है। किसे मिलेगा लाभः दो दुधारू गाय/भैंस और 10-10 भेड़-बकरियों का निःशुल्क बीमा। जरूरी दस्तावेजः जनाधार कार्ड के माध्यम से पंजीकरण। सहायताः पशु की आकस्मिक मृत्यु होने पर सरकार द्वारा 40,000 रुपये तक की सहायता राशि प्रदान की जाती है। निष्कर्ष : उपनिदेशक डॉ. विश्वास कुमार ने सभी पशुपालकों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने और अपने पशुधन को स्वस्थ एवं सुरक्षित रखने की अपील की है।

# अष्टम पोषण पखवाड़े का भव्य आगाज; 'कुपोषण मुक्त भारत' के संकल्प के साथ निकली जागरूकता रैली

### बच्चों के मस्तिष्क विकास पर जोरः ब्यावर में पोषण पखवाड़े के तहत पहले 1000 दिनों की महत्ता पर जागरूकता

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** महिला एवं बाल विकास विभाग, ब्यावर द्वारा अष्टम पोषण पखवाड़े का उत्साहपूर्ण शुभारंभ किया गया। गुरुवार को अजमेरी गेट से डाकघर होते हुए भगत चौराहे तक एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य आमजन को सही पोषण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था।

### मस्तिष्क विकास पर विशेष ध्यान

इस वर्ष पखवाड़े की मुख्य थीम 'जीवन के पहले 6 वर्षों में मस्तिष्क के विकास को अधिकतम करना' रखी गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, बच्चों के शुरुआती 1000 दिन उनके संज्ञानात्मक और शारीरिक विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। रैली के माध्यम से इसी संदेश को घर-घर पहुँचाने का प्रयास किया गया।

### प्रमुख उपस्थितियाँ

कार्यक्रम का शुभारंभ उपनिदेशक नीरू



सांखला ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर विभाग के प्रमुख अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेः नितेश यादवः बाल विकास परियोजना अधिकारी चंद्रकांता जोशी व बर्फी मीनाः महिला पर्यवेक्षक सरिता मीना एवं विभागीय कार्मिक जागरूकता के स्वर हाथों में तख्तियां और 'कुपोषण मुक्त भारत' के नारे लगाते हुए विभागीय कार्यकर्ताओं ने मातृ-शिशु स्वास्थ्य और संवेदनशील देखभाल का संदेश दिया। विभाग का लक्ष्य खेल आधारित शिक्षा और उचित पोषण के माध्यम से बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करना है।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर प्रभारी मंत्री ने ली समीक्षा बैठक

स्मार्ट हलचल| बूंदी

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की 11 अप्रेल को प्रस्तावित हिण्डोली यात्रा को लेकर गुरुवार को ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं बूंदी जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने हिंडोली पंचायत समिति में अधिकारियों के साथ बैठक लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो और पूरा कार्यक्रम गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मौसम के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल पर ठंडी हवा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। आमजन के लिए शुद्ध और शीतल पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था हो, ताकि तेज गर्मी में किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने निर्देश दिए कि वाहनों की पार्किंग के लिए जो भी जगहें चिह्नित की गई हैं, उन्हें तत्काल समतल करवाया जाएं। उन्होंने परिवहन व्यवस्थाओं को अभी से



चाक-चौबंद करने और सड़कों पर आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग लगाने के निर्देश दिए। बैठक में रामसागर झील पर सौंदर्यीकरण कार्यों के शिलान्यास और पौधारोपण कार्यक्रम को लेकर भी रूपरेखा तय की गई।

जिला प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि क्षेत्र में झूलते बिजली के तारों को तुरंत कसवाया जावे। उन्होंने झाड़ियों की आवश्यक कटाई-छंटाई करवाने और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। कार्यक्रम स्थल के आसपास मोबाइल टॉयलेट, फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस की तैनाती मुस्तैद रखने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री की यात्रा के दौरान सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएं। अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ किया जावें।

बैठक में पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी, जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, कार्यवाहक जिला कलेक्टर रामकिशोर मीणा, पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा, पूर्व प्रधान नैनवां पदम नागर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा और हिण्डोली उपखंड अधिकारी शिवराज मीणा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहें।

# बाइक सवार को बचाने के प्रयास में पलटा टेम्पो, महिला की मौत

**चित्तौड़गढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र के कपासन चौराहे पर गलत दिशा में आ रही मोटरसाइकिल को बचाने के प्रयास में टेम्पो पलटने से एक महिला की मौत हो गई और तीन व्यक्ति घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर एक टेम्पो शहर से चन्देरिया की ओर जा रहा था। इस दौरान कपासन चौराहे पर सामने से गलत दिशा में आ रहे मोटरसाइकिल सवार को बचाने के प्रयास में टेम्पो उससे टकराकर पलट गया, जिससे फूमा बाई (68) पत्नी शंकरलाल जाट निवासी आजोलिया का खेड़ा सिर मे चोट लगने से गंभीर रुप से घायल हो गई। इसके साथ ही दो तीन अन्य व्यक्तियो को भी चोटें आई। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को सांवलियाजी राजकीय सामान्य चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने फूमा बाई को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर कोतवाली थाने के एएसआई नवरंग लाल चिकित्सालय पहुंचे और आजोलिया का खेड़ा निवासी देवकिशन जाट की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपूर्द कर दिया।

# सीबीएसई ने कोटा के लिए अमित कुमार शर्मा, डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर नियुक्त

स्मार्ट हलचल|कोटा



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अजमेर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कोटा जिले में डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर (ष्ठ'ष्ट) की नियुक्ति की गई है। इस पद पर अमित कुमार शर्मा, प्राचार्य महेश्वरी पब्लिक स्कूल को नियुक्त किया गया है।

सीबीएसई द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार, डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर जिले में शिक्षकों की क्षमता निर्माण गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और जिला स्तर के विद्यालयों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की निगरानी और संचालन सुनिश्चित करेंगे।

डीटीसी की जिम्मेदारियों में प्रशिक्षण से संबंधित सूचनाओं का प्रसार, प्रशिक्षण स्थलों के चयन हेतु सुझाव देना, 'हब ऑफ लर्निंग' की प्रभावी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करना तथा प्रशिक्षण सत्रों के दौरान विद्यालयों का निरीक्षण कर फीडबैक प्रदान करना शामिल है। इसके अतिरिक्त वे ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रशिक्षण से जुड़े मामलों में बोर्ड को आवश्यक सुझाव भी देंगे।

सीबीएसई के दिशा-निर्देशों के अनुसार, डीटीसी जिले में निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन में सहयोग करेंगे, साथ ही प्रशिक्षण से संबंधित सभी मुद्दों और सुझावों को ष्टश्वश्व कार्यालय, अजमेर तक पहुंचाएंगे। उन्हें एक समन्वयक और सुगमकर्ता के रूप में कार्य करते हुए बोर्ड की नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना होगा। इसके साथ ही जिले के सभी सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों के बीच बेहतर समन्वय और सूचना आदान-प्रदान के लिए एक समूह के गठन के निर्देश भी दिए गए हैं, जिससे प्रशिक्षण गतिविधियों का संचालन अधिक व्यवस्थित और प्रभावी हो सके।

# सकल जैन समाज के हजारो श्रावक श्राविकाएं की उपस्थित में गूंजा मंत्र नवकार

स्मार्ट हलचल| ओम जैन





**चित्तौड़गढ़।** विश्व नवकार महामंत्र दिवस का अति सफल आयोजन गुरुवार को श्री विद्यासागर मांगलिक धाम चित्तौड़गढ़ में सुबह 8.15 से किया गया। जिसका उद्देश्य विश्वभर में शांति और एकता को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम का आयोजन जीतो चित्तौड़गढ़ चैप्टर और श्री महावीर जैन मंडल चित्तौड़गढ़ के सयुक्त तत्वावधान में किया गया जिसमें लगभग 2000 लोगों ने बड़ी श्रद्धा के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम मे राष्ट्रीय जैन संत डॉ संजय मुनि जी एवं उप प्रवर्तिनी महा सती श्री मंजुल ज्योति जी म सा आदि ठाणा-5, अनुष्ठान आराधिका महासती डॉक्टर कुमुद लता जी म सा आदि ठाणा-4, एवं मधुर गायिका तपस्वी रत्ना पूज्य महासती श्री प्रतिभा श्री जी म सा ठाणा 4, मृदु स्वभावी श्री शीतल जी महाराज आदी ठाणा 2 का भी सानिध्य रहा। सभी साधु साध्वी जी म सा ने महामंत्र नवकार की महिमा बताते हुए, सुंदर गीत व भजन के माध्यम से अपने सुन्दर भाव रखे। विश्व शांति के लिए नवकार महामंत्र को आवश्यक बताते एकता पर जोर दिया।

इस कार्यक्रम को भारत सहित 108 देशों के लाखों लोगो ने भाग लिया और नवकार महामंत्र का जाप किया। कार्यक्रम में 100 मेगा इवेंट्स का आयोजन किया गये और 6000 देरासर/उपाश्रय/स्थान से सीधा प्रसारण किया गया। नवकार महामंत्र के पाँच पदों का जाप करते हुए विश्व शांति और एकता के लिए प्रार्थना की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वभर में शांति, एकता और सद्भावना को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम सभी धर्मों और समुदायों के लोगों को एक साथ लाने का एक प्रयास है।

श्री महावीर जैन मण्डल के अध्यक्ष राजेंद्र दोशी, जीतो अध्यक्ष सोहन पोखरना ने सभी को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया व जीतो यूथ विंग के अध्यक्ष रवि विरानी एवं टीम ने नवकारसी व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया। मुख्य सचिव रोशन लोढ़ा ने सभी को नवकारसी के लिए अनुरोध किया। जीतो लेडीज विंग कि अध्यक्षा सुनीता सिसोदिया एवं उनकी टीम ने भी सभी व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया। जीतो चित्तौड़गढ़ चेप्टर चेयरमेन एवं महावीर जैन मंडल के महासचिव सोहन पोखरना ने नवकार महामंत्र का अर्थ बताते हुए बताया कि आज पूरे विश्व में अशांति का माहौल हैं चारों ओर युद्ध की विभिषिका से लोग त्रस्त है। विश्व शांति की मनोकामना एवं पूरे विश्व में शांति एवं अहिसों की भावना का विस्तार हो इस हेतु सामूहिक रूप से नवकार मंत्र का जाप किया गया। इसमें जैन समाज ही नहीं अन्य भी कई समाज के लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की सफलता से यह साबित होता है कि विश्वशांति और एकता के लिए लोगों में कितनी जागरूकता और उत्साह है।

# राजकीय कला महाविद्यालय में एनएसयूआई का 56वां स्थापना दिवस





## छात्र संवाद व प्रतियोगिताओं का आयोजन

स्मार्ट हलचल| कोटा

नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) का 56वां स्थापना दिवस बुधवार को राजकीय कला महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र संवाद कार्यक्रम, नारा लेखन प्रतियोगिता एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजकीय विज्ञान महाविद्यालय, राजकीय कला महाविद्यालय एवं जेडीबी गर्ल्स कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। छात्र नेता रिद्धम शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के तहत छात्र संवाद आयोजित कर नवनियुक्त पदाधिकारियों–जिला उपाध्यक्ष दिलीप मीणा, जिला सचिव रोहित कुमार भील एवं लाडपुरा ब्लॉक अध्यक्ष रोहित मेघवाल–का सम्मान किया गया।

छात्र नेता मोहित कुमार ने बताया कि महाविद्यालय इकाई द्वारा आयोजित नारा लेखन प्रतियोगिता में यश राज ने प्रथम, राधिका राठौर ने द्वितीय तथा योगेन्द्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन हंसवी एवं भावना सैनी ने किया।

इस अवसर पर छात्र नेता लोकेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के पश्चात महाविद्यालय परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद, भगत सिंह, महाराणा प्रताप एवं सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही 'जॉइन एनएसयूआई' अभियान की शुरुआत करते हुए पूरे महाविद्यालय परिसर में रंगोली के माध्यम से जागरूकता संदेश दिया गया। कार्यक्रम में कावेरी कुमारी, भाविका, नेहा मंसूरी, चित्रांशी, रोहित, अमन, आशीष वर्मा, सुमित, ज़ीशान ख़ान एवं रितिका मीना सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप, 15 स्कूलों में हुआ आयोजन



स्मार्ट हलचल| बूंदी

विश्व शांति और सद्भाव के उद्देश्य से आज शहर में नवकार महामंत्र का भव्य सामूहिक जाप आयोजित किया गया। यह आयोजन केवल भारत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विश्व के 108 देशों में एक साथ लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से जुड़कर किया गया।

शहर के प्रमुख जैन मंदिरों के साथ-साथ बूंदी के 15 विद्यालयों में भी यह विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ ।जहां हजारों विद्यार्थियों ने एक साथ नवकार महामंत्र का जाप कर विश्व शांति का संदेश दिया।

आयोजकों के अनुसार, इस कार्यक्रम में शहर सहित जिले भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पुरुषों ने सफेद वस्त्र एवं महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में उपस्थित होकर श्रद्धापूर्वक नवकार महामंत्र का जाप किया। वहीं विद्यालयों में छात्र-छात्राओं नेअनुशासनपूर्वक भाग लिया,छ्वद्ब'ह्र राजस्थान के छ्व" प्रभारी आदित्य भंडारी, बूंदी प्रभारी महेश हरसोरा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं और समाज को एक मंच पर जोड़कर आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाना है।

इस कार्यक्रम में सकल जैन समाज अध्यक्ष महावीर जैन, कार्याध्यक्ष ओमप्रकाश बरजात्या, महावीर जयंती संयोजक ओमप्रकाश, श्वेतांबर समाज अध्यक्ष अशोक भंडारी, अधिवक्ता राजेंद्र छाजेड़, रमेश भंडारी, कोषाध्यक्ष रामविलास जैन, जीतो के प्रतिनिधि महेश कुमार जैन, प्रभात जैन, शुभम जैन, अंशुल जैन सहित भारतीय जैन संगठन के कार्याध्यक्ष प्रकाश महत्मा, उपाध्यक्ष बबीता गंगवाल, पारस छाबड़ा, सीए एसोसिएशन सचिव ख्याति भंडारी, सरवगी समाज सचिव योगेन्द्र जैन, जैन सोशल ग्रुप अध्यक्ष योगेश गंगवाल, कोषाध्यक्ष वैभव जैन आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# सरकारी खरीद केंद्रों पर किसान परेशान



## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** दीगोद क्षेत्र में गेहूं के सरकारी खरीद केंद्रों पर हो रही अव्यवस्था को लेकर किसानों के हित में कांग्रेस देहात जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के निर्देश पर कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष विनोद मेघवाल देवपुरा के नेतृत्व में जिला आईएएस अधिकारी आराधना चौहान को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष विनोद मेघवाल देवपुरा ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया है कि सरकार की मंशा नहीं की वह किसानों की फसल को सरकारी खरीद केन्द्र पर खरीदें। अगर यहां के मंत्री भी किसान हितैषी होते तो आज किसानों को समस्या का सामना नहीं करना पड़ता। कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष विनोद मेघवाल देवपुरा ने बताया है कि किसानों टोकन मैसेज को तुरंत प्रभाव सरलीकरण करके किसान जिस दिन चाहे उसकी उपज की तुलाई होनी चाहिए,किसानों का जल्दी पेमेंट हो,कांटों की मात्रा बढ़ाई जाए, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। सुल्तानपुर एससी प्रकोष्ठ ब्लॉक महेंद्र मेघवाल ने बताया है कि खरीद केन्द्रों पर 2026-27 के लिए गेहूं तुलाई 30 जून 2026 तक की जाये, एवं और समय कि अवधि बढ़ाकर किसानों का लाभ दिया जाए। गेहूं की गुणवता पर छूट दी जाये बारिस होने में किसान की कोई गलती नहीं है फिर इसकी सजा किसान को क्यों दी जाये। कांग्रेस दीगोद मंडल अध्यक्ष कुंजबिहारी नागर डूंगरज्या, एनएसयूआई कोटा ग्रामीण जिला महासचिव सुरेन्द्र मीणा मंडोला, कांग्रेस नेता ओमप्रकाश मेघवाल हरिपुरा, कुलदीप मेघवाल पड़ासलिया,पवन गोचर देवपुरा,किशन मेघवाल दीगोद, आयुष सेन दीगोद, राजेन्द्र मेघवाल, आकाश मीणा , पुरूषोत्तम मीणा आदि मौजूद रहे।

# पश्चिम मध्य रेलवे के नए महाप्रबंधक बने दिलीप कुमार सिंह

स्मार्ट हलचल| कोटा



पश्चिम मध्य रेल के नए महाप्रबंधक के रूप में इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ सिग्नल इंजीनियर (द्ब'स्स्श्व) वर्ष-1990 बैच के वरिष्ठ अधिकारी श्री दिलीप कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण किया है। वे भारतीय रेल के एक अनुभवी एवं कुशल अधिकारी हैं, जिन्हें सिग्नल, दूरसंचार, संरक्षा एवं प्रशासनिक कार्यों में तीन दशकों से अधिक का व्यापक अनुभव प्राप्त है।

श्री सिंह इससे पूर्व रेलवे बोर्ड में प्रिंसिपल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर/विजिलेंस के पद पर कार्यरत थे। इस दौरान उन्होंने रेलवे में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सतर्कता तंत्र को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

श्री सिंह ने आईआईटी रुड़की से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। अपने सेवा काल में उन्होंने भारतीय रेल के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए सिग्नल एवं दूरसंचार के क्षेत्र में व्यापक अनुभव अर्जित किया है।

उन्होंने अपने करियर की शुरुआत उत्तरी रेलवे के फिरोजपुर मंडल में असिस्टेंट सिग्नल एवं टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर के रूप में की। इसके पश्चात वे इंडियन रेलवे कंस्ट्रक्शन ऑर्गेनाइजेशन फॉर टेलीकॉम, रेलवे विद्युतीकरण परियोजनाओं तथा सेंट्रल ऑर्गेनाइजेशन फॉर रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं।

श्री सिंह ने उत्तर मध्य रेलवे एवं पूर्व मध्य रेलवे में निर्माण, आईआरपीएमयू, मंडल एवं मुख्यालय स्तर पर कार्य किया है। वे रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया में लखनऊ क्षेत्र के महाप्रबंधक के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं।

वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड में उन्होंने अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक/आगरा, मुख्य संचार इंजीनियर/उत्तर मध्य रेलवे, कार्यकारी निदेशक (टेलीकॉम)/आरडीएसओ तथा मंडल रेल प्रबंधक/अलीपुरद्वार (पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। इसके पश्चात उच्च प्रशासनिक ग्रेड में वे एसडीजीएम/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज के पद पर रहे।

सिग्नल एवं दूरसंचार के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले श्री सिंह ने आधुनिक सिग्नलिंग एवं दूरसंचार प्रणालियों के विकास एवं क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल के रूप में उनकी प्राथमिकताओं में रेल संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना, परिचालन दक्षता एवं समयपालन में सुधार, अधोसंरचना विकास (नई लाइन, दोहरीकरण/तिहरीकरण, विद्युतीकरण आदि) को गति देना, यात्री सुविधाओं का विस्तार तथा प्रशासनिक पारदर्शिता को सुदृढ़ करना शामिल है।

# बालिकाओं को कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी




स्मार्ट हलचल| करौली

स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली में महिला अधिकारिता विभाग की तरफ से श्रीमती सोनाक्षी व्यास केंद्र प्रबंधक के द्वारा बालिकाओं को महिला कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। प्रधानाचार्य गोविंद सहाय प्रजापत ने बताया कि बालिकाओं की शिक्षा सेतू योजना,मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना,मुख्यमंत्री वर्क फ्रॉम होम जॉब वर्क योजना,मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना लाडो प्रोत्साहन योजना,कालीबाई भील महिला संबल शिक्षा सेतू योजना,उड़ान योजना,बाल विवाह की रोकथाम पर शपथ दिलाई गई और बालिकाओं को ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के द्वारा जो बालिकाओं के लिये विभिन्न योजनाए शिक्षा और संबलता के लिए चलाई जा रही है।उनके आधिकाधिक लाभ बालिकाओं को लेना चाहिए। इस अवसर पर मॉडल स्कूल करौली की तरफ से राजेश कुमार मीणा,संतोष कुमार गुप्ता,आंचल उपाध्याय एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# रियल टेम्पल्स ऑफ इंडिया के विशेष आयोजन बच्चों के चहरे पर खिली मुस्कान

## 'अनंत उत्सव' में विशेष बच्चों ने जिया खुशियों का संसार, सिटी पार्क में दिखा संवेदनशीलता का अद्भुत संगम

स्मार्ट हलचल| कोटा





समाज में संवेदनशीलता और करुणा के भाव को साकार करते हुए रियल टेम्पल्स ऑफ इंडिया द्वारा सिटी पार्क में आयोजित 'अनंत उत्सव' विशेष बच्चों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया। आयोजन में शहर के विभिन्न संस्थानों से जुड़े 472 से अधिक विशेष बच्चे एवं बालिकाओं ने भाग लेकर आनंद और उत्साह से भरपूर पल बिताए।

संस्थापक प्रांजल अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन अनंत युवा प्रतिष्ठान से प्रेरित होकर किया गया, जिसका उद्देश्य विशेष बच्चों को मुख्यधारा में जोडकर एक सुरक्षित, आत्मीय और आनंदमय वातावरण प्रदान करना था। कार्यक्रम में बाधित बाल विकास केंद्र, श्री करणी नगर विकास समिति, गंगा विज़न, घुमंतू छात्रावास, तेजस्विनी बालिका छात्रावास, एलबीएस दिव्यांग विद्यार्थी, शिवालिका एवं मधुस्मृति सहित कई संस्थाओं के बच्चे शामिल हुए।

सिमरन बब्बर के अनुसार सायं 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक चले इस आयोजन में बच्चों ने सिटी पार्क के प्राकृतिक वातावरण के बीच बोटिंग, मैजिक शो, फेस पेंटिंग, ब्लॉक पेंटिंग और फेसबुक पेंटिंग जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कई बच्चों के लिए बोटिंग का यह अनुभव पहली बार था, जिसने उनके चेहरे पर खास चमक ला दी। बच्चों ने कविता, नृत्य और गीत प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का भी शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का आकर्षण रहा ड्रोन शो, जिसमें आसमान में रंग-बिरंगी रोशनियों से बनी आकृतियों–हाथी, घोड़े और विभिन्न डिज़ाइनों–ने बच्चों को रोमांचित कर दिया। इस दौरान उनकी खुशी और उत्साह देखते ही बन रहा था।

मंजुल शर्मा ने बताया कि कलाकारों के साथ निकली रंगारंग परेड बच्चों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं रही। रंगीन परिधानों और संगीत के बीच बच्चों ने स्वयं को इस आयोजन का केंद्र महसूस किया। रचनात्मक गतिविधियों ने उन्हें अपनी अभिव्यक्ति को खुलकर सामने लाने का अवसर दिया।

शाम ढलते ही आयोजित ड्रोन शो और आतिशबाजी ने पूरे वातावरण को रोशनी से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पीयूष सामरिया एवं विशिष्ट अतिथि तेजस्विनी गौतम ने बच्चों के साथ केक काटकर उत्सव की खुशियों में सहभागिता की। उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब हर वर्ग को समान अवसर और सम्मान मिले।

## पर्यटन

केरल राज्य कई नदियों और पर्वत-पहाड़ियों से घिरा हुआ एक अनोखा पर्यटक स्थल है। जहां प्रतिवर्ष लाखों देशी-विदेशी पर्यटक यहां का सौंदर्य निहारने के लिए आते है। खास तौर पर यहां का विशिष्ट वन्य जीवन और जल प्रपात मन को मंत्रमुग्ध कर देते है।





## एक अनोखा पर्यटक स्थल

# केरल नेशनल पार्क





**आइए** जानते है केरल के महत्वपूर्ण नेशनल पार्क। जिनमें प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर मुख्य तौर इर्राविकुलम नेशनल पार्क, पेरियार नेशनल पार्क, साइलेंट वैली नेशनल पार्क, वयनाड वाइल्ड लाइफ सेंचुरी पार्क, इडुकी नेशनल पार्क आदि कई छोटे-बड़े नेशनल पार्क आते हैं। गौरतलब है कि विश्व भर में केरल वन्यजीवों की आरामगाह के रूप में भी प्रसिद्ध है।

### इर्रावीकुलम

केरल और तमिलनाडु की सीमा पर स्थित इर्रावीकुलम नेशनल पार्क मुख्य रूप से नीलगाय तराह (हेमीट्रेगस हाइलो क्रिकस) के संरक्षण के लिए स्थापित किया गया पार्क है। ज्ञात हो कि नीलगाय तराह एक दुर्लभ पशु है, जो सिर्फ हिमालय के ठंडे इलाकों में पाया जाता है।

वर्ष 1978 में इस वन्यजीव पार्क को नेशनल पार्क का दर्जा प्राप्त हुआ। 97 वर्ग किलोमीटर में फैला पेड़-पौधों से भरपूर, घास के बड़े मैदान से युक्त इर्रावीकुलम पार्क के उत्तरी सिरे को, जो तमिलनाडु राज्य को छूता है, उसे अन्नामलाई के नाम से विश्व में पहचाना जाता है। यहां से अनामुड्डी हिमालय की 2695 मीटर की सबसे ऊंची दक्षिणी चोटी पूरी भव्यता के साथ इस अभयारण्य में दिखाई देती है। यहां नील गिरी लंगूर, लायन टेल्ड मेकाक, चीते, बाघ आदि कई दुर्लभ प्रकार के जीव-जंतु और वनस्पतियां भी पाई जाती है।



### साइलेंट वैली


केरल के पश्चिमी छोर पर कुंडलई हिल्स पर साइलेंट वैली नेशनल पार्क स्थित है। मुख्य रूप से हाथी, बाघ और शेर, पूंछ वानर जैसे जीवों के साथ-साथ कई दुर्लभ किस्मों की औषधि और पेड़-पौधों के कारण यह पार्क प्रसिद्ध है। यहां का अनुकूल वातावरण और छोटी-बड़ी नदियां एवं पहाड़ इसे वन्यजीवों के लिए आरामगाह बनाते हैं।

**पेरियार** - केरल के पश्चिमी छोर पर पेरियार नेशनल पार्क स्थित है। यह मुख्य तौर पर बाघों के संरक्षण के लिए बनाया गया एक नेशनल पार्क है, जो दुनिया भर के नेशनल पार्क में अपना प्रमुख स्थान रखता है। इसे अंग्रेजों द्वारा सन् 1895 में अधिगृहीत किया गया था तथा अंग्रेजों ने उस वक्त यहां एक कृत्रिम झील और बांध का निर्माण भी किया था। पेरियार नेशनल पार्क 777 वर्ग किलोमीटर में फैला एक आरक्षित वन है। इसे प्रसिद्ध प्रोजेक्ट टाइगर के तहत वर्ष 1978 में प्रोजेक्ट टाइगर रिजर्व घोषित किया गया था। पेरियार नदी के नाम पर ही इसे पेरियार टाइगर रिजर्व भी कहा जाता है, जो पश्चिमी घाट की ऊंची श्रृंखला पर बसा सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान है। भारत का यह एकमात्र ऐसा अभयारण्य है, जहां हाथियों को केवल एक नाव की दूरी से देखा जा सकता है और उनकी तस्वीरें भी ली जा सकती हैं। यहां के वन्य जीवन और सुंदरता के कारण यह विश्व भर के पर्यटकों को आकर्षित करता है।

### वयनाड वाइल्ड लाइफ सेंचुरी

बाघ और तेंदुए के लिए वयनाड वाइल्ड लाइफ सेंचुरी पार्क दुनिया भर में प्रसिद्ध है। यह बांदीपुर नेशनल पार्क का ही हिस्सा है। इस अभयारण्य में हिरण, भालू, हाथी, बाघ-चीते, जंगली-सीएट बिल्ली, बंदर, जंगली कुत्ते, भैंसे ऐसे कई प्रकार के वन्य जीव-जंतु पाए जाते हैं। यहां पर अपार जैव विविधता है। यह अभयारण्य नील गिरी बायोस्फीयर रिजर्व का अविभाज्य भाग है, जिसे इस क्षेत्र की जैविक विरासत को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था।

यहां पर विशेष पाए जाने वाले सरीसृप हैं मॉनिटर छिपकली। साथ ही अनेक प्रकार के सांप यहां देखे जा सकते हैं। यहां पक्षियों में खास तौर पर मोर, उल्लू, कठफोड़वा, जंगली फाउल, बैबलर, कुक्कु आदि मुख्य हैं।



### इडुकी

केरल के दक्षिण भारतीय राज्य में बसा यहां के सर्वोत्तम स्थानों में से एक है इडुकी नेशनल पार्क। जो वन्य जीवों के लिए मुख्य तौर पर माना जाता है। यहां बाघ, हाथी, भैंस, भालू, जंगली सुअर, सांभर तथा जंगली कुत्ते-बिल्लियां आदि बड़े-बड़े झुंडों में घूमते नजर आते हैं। इस पार्क में जंगली फाउल, काली बुलबुल, लाफिंग थ्रश, कठफोड़वा, मैना आदि कुछ महत?वपूर्ण पक्षी भी दिखाई पड़ते हैं। यहां पर सांपों की अनेक प्रजातियों में विशेष कोबरा, वाइपर, क्रेट और कई विषरहित साप भी यहां पाए जाते हैं। कुल मिलाकर यह कहना उचित होगा कि अगर आपने अभी तक केरल के नेशनल पार्क नहीं देखे हैं, तो एक बार जरूर जाइए। यहां के कई प्रजाति के वन्य जीवों को देखकर आप मंत्रमुग्ध हुए बिना नहीं रह पाएंगे।

# जानिए प्राचीन शहर यरूशलम को




**भूमध्य** सागर और मृत सागर के बीच इसराइल की सीमा पर बसा यरूशलम एक शानदार शहर है। शहर की सीमा के पास दुनिया का सबसे ज्यादा नमक वाला डेड-सी यानी मृत सागर है। कहते हैं यहां के पानी में इतना नमक है कि इसमें किसी भी प्रकार का जीवन नहीं पनप सकता और इसके पानी में मौजूद नमक के कारण इसमें कोई डूबता भी नहीं है।मध्यपूर्व का यह प्राचीन नगर यहूदी, ईसाई और मुसलमान का संगम स्थल है। उक्त तीनों धर्म के लोगों के लिए इसका महत्व है, इसीलिए यहां पर सभी अपना कब्जा बनाए रखना चाहते हैं। जेहाद और क्रूसेड के दौर में सलाउद्दीन और रिचर्ड ने इस शहर पर कब्जे के लिए बहुत सारी लड़ाइयां लड़ी। ईसाई तीर्थयात्रियों की रक्षा के लिए इसी दौरान नाइट टेम्पलर्स का गठन भी किया गया था।इसराइल का एक हिस्सा है गाजा पट्टी और रामल्लाह। जहां फिलिस्तीनी मुस्लिम लोग रहते हैं और उन्होंने इसराइल से अलग होने के लिए विद्रोह छेड़ रखा है। यह लोग यरूशलम को इसराइल के कब्जे से मुक्त कराना चाहते हैं। अंततः इस शहर के बारे में जितना लिखा जाए कम है। काबा, काशी, मथुरा, अयोध्या, ग्रीस, बाली, श्रीनगर, जाफना, रोम, कंधहार आदि प्राचीन शहरों की तरह ही इस शहर का इतिहास भी बहुत महत्व रखता है।

### प्राचीन और नया शहर

माउंट ऑफ ओलिब्स पर खड़े होकर आप सामने यरूशलम के प्राचीन शहर को देखते हैं, तो उसके मनोरम और भव्य दृश्य का नजारा देख आप मंत्रमुग्ध होकर सोचना बंद कर देते हैं। ओलिब्स पहाड़ी से सुंदर गुंबद और गुंबदों के पीछे दीवार नजर आती है। एक वर्ग किलोमीटर की पहाड़ी दीवारों से घिरा हजारों सालों का इतिहास लिए यह शहर दुनिया की आधी से ज्यादा आबादी की आस्था का केंद्र हैं।





### इतिहास और विवाद

हिब्रू में लिखी बाइबिल में इस शहर का नाम 700 बार आता है। यहूदी और ईसाई मानते हैं कि यही धरती का केंद्र है। राजा दाऊद और सुलेमान के बाद इस स्थान पर बेबीलोनियों तथा ईरानियों का कब्जा रहा फिर इस्लाम के उदय के बाद बहुत काल तक मुसलमानों ने यहां पर राज्य किया। इस दौरान यहूदियों को इस क्षेत्र से कई दफे खदेड़ दिया गया। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद इसराइल फिर से यहूदी राष्ट्र बन गया तो यरूशलम को उसकी राजधानी बनाया गया और दुनिया भर के यहूदियों को पुनः यहां बसाया गया। यहूदी दुनिया में कहीं भी हों, यरूशलम की तरफ मुंह करके ही उपासना करते हैं।

### ऐतिहासिक म्यूजियम व स्मारक

धार्मिक स्थलों के अलावा यहां प्राचीन एवं धार्मिक ग्रंथों का द इसराइल म्यूजियम है। इसराइल का होलोकॉस्ट म्यूजियम जिसे याद वशेम कहा जता है जिसका खासा महत्व है। यहां पर यरूशलम के इतिहास से संबंधित दस्तावेज और शहीदों के स्मारक व स्मृति चिह्नों आदि के बारे में जानकारी है। दोनों ही म्यूजियम का इतिहास बहुत पुराना है।

### यरूशलम के जंगल

मुस्लिम इलाके में स्थित 35 एकड़ क्षेत्रफल में फैले नोबेल अभयारण्य में ही अल अक्सा मस्जिद, डोम ऑफ द रॉक, फव्वारे, बगीचे, गुंबद और प्राचीन इमारतें बनी हुई हैं। इसके अलावा छोटे से गॉर्डन ऑफ गेथेमिन की खूबसूरती भी देखने लायक है। इसके अलावा याद वशेम का इलाका भी यरूशलम के जंगल के नाम से प्रसिद्ध है।

### पवित्र परिसर

किलेनुमा चाहरदीवारी से घिरे पवित्र परिसर में यहूदी प्रार्थना के लिए इकट्ठे होते हैं। इस परिसर की दीवार बहुत ही प्राचीन और भव्य है। यह पवित्र परिसर ओल्ड सिटी का हिस्सा है। पहाड़ी पर से इस परिसर की भव्यता देखते ही बनती है। इस परिसर के ऊपरी हिस्से में तीनों धर्मों के पवित्र स्थल हैं। उक्त पवित्र स्थल के बीच भी एक परिसर है। यरूशलम में लगभग 1204 सिनेगॉग, 158 गिरजें, 73 मस्जिदें, बहुत-सी प्राचीन कब्रें, 2 म्यूजियम और एक अभयारण्य है। इसके अलावा भी पुराने और नए शहर में देखने के लिए बहुत से दर्शनीय स्थल हैं। यरूशलम में जो भी धार्मिक स्थल हैं, वे सभी एक बहुत बड़ी-सी चौकोर दीवार के आसपास और पहाड़ पर स्थित है। दीवार के पास तीनों ही धर्म के स्थल हैं। यहां एक प्राचीन पर्वत है जिसका नाम जैतून है। इस पर्वत से यरूशलम का खूबसूरत नजारा देखा जा सकता है। इस पर्वत की ढलानों पर बहुत-सी प्राचीन कब्रें हैं। यरूशलम चारों तरफ से पर्वतों और घाटियों वाला इलाका नजर आता है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com